# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–183 । सागर, सोमवार, 21 अगस्त 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए

उप्र, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र के विधायक विधानसभा वार ले रहे फीडबैक पृष्ठ 3

▪ जातिगत जनगणना ही करेगी हिन्दू- मुसलमान राजनीति का मुकाबला! पृष्ठ 4

▪ दल-दल में तब्दील हो गई गांव की गलियां, 3 माह में नहीं हो पाया कार्य पृष्ठ 6

फोरलेन सड़क पशुओं की आरामगाह स्थली बनी हादसों के हो रहे शिकार, वाहन चालक परेशान पृष्ठ 8

## सार-समाचार

### नीट के खिलाफ द्रमुक की भूख हड़ताल शुरू

**चेन्नई, एजेंसी।** द्रमुक युवा विंग ने एमबीबीएस में प्रवेश के लिए नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (एनईईटी–नीट) को रद्द करने की मांग को लेकर रविवार को राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में एक दिवसीय भूख हड़ताल शुरू की। चेन्नई के वल्लुवर कोट्टम में विधायक उदयनिधि स्टालिन के साथ द्रमुक के वरिष्ठ नेताओं और कैबिनेट मंत्रियों एस. दुरईमुरुगन, एम. सुब्रमण्यम, पी.के. शेखर बाबू, पार्टी के सांसद, विधायक और चेन्नई की महापौर आर. प्रिया ने विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया।

### 15 करोड़ की कोकीन के साथ दो गिरफ्तार

**मुंबई, एजेंसी।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने मुंबई में 1496 ग्राम कोकीन की तस्करी करने के आरोप में एक भारतीय यात्री को गिरफ्तार किया है। इस कोकिन की कीमत मार्केट में 15 करोड़ रुपए बातई जा रही है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी है। बाद में, कोकीन प्राप्त करने वाली युगांडा देश की महिला को भी पकड़ लिया गया।

### गहरी खाई में गिरी बस, 8 की मौत

**गंगोत्री, एजेंसी।** उत्तराखंड के गंगोत्री नेशनल हाईवे पर गंगनानी के पास रविवार शाम को एक बस खाई में गिर गई। हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई। 27 लोगों को रेस्क्यू कर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिसमें से 10 की हालत गंभीर है। बस में 32–33 पैसेंजर्स सवार थे।

उत्तरकाशी ने बताया कि बस 50 मीटर गहरी खाई में गिरी है। रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है। बताया जा रहा है बस में गुजरात के लोग सवार थे। ये गंगोत्री धाम की यात्रा करके लौट रहे थे। गंगनानी के पास ड्राइवर ने बस पर कंट्रोल खो दिया। इससे बस क्रैश बैरियर को तोड़ते हुए 50 मीटर गहरी खाई में लुढ़कने के बाद पेड़ों के बीच जाकर अटक गई। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ट्वीट कर हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने लिखा– हादसे में कुछ लोगों की जान जाने और कुछ के घायल होने की खबर मिली है। रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है। ईश्वर हादसे में जान गंवाने वाले लोगों की आत्मा को शांति दे। सभी घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

### डीआरडीओ का ड्रोन हुआ दुर्घटनाग्रस्त

**बेंगलुरु, एजेंसी।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ( डीआरडीओ) की ओर से विकसित किया जा रहा एक तापस ड्रोन कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले के एक गांव में परीक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना के दृश्य सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं जहां ग्रामीण एक कृषि क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त ड्रोन को देखते हुए दिखाई दे रहे हैं। रक्षा अधिकारियों के मुताबिक फिलहाल डीआरडीओ रक्षा मंत्रालय से दुर्घटना के बारे में जानकारी ले रहा है। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

### जंतर-मंतर पर नूंह हिंसा पर पंचायत की अनुमति रद्द

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने रविवार को जंतर-मंतर पर नूंह हिंसा पर आयोजित पंचायत को आगे बढ़ाने की अनुमति रद्द कर दी, क्योंकि कुछ व्यक्तियों ने अपने भाषणों के दौरान कथित तौर पर विवादास्पद टिप्पणियां की थीं। हरियाणा के नूंह में हुई हिंसा पर चर्चा के लिए अखिल भारतीय सनातन महासंघ की ओर से पंचायत का आयोजन किया गया था। बिट्टू बजरंगी के बारे में भी चर्चा होनी थी, जिस पर 31 जुलाई को हिंसा के दौरान भीड़ को उकसाने का आरोप है।

### त्रिपुरा में आवासीय विद्यालय के 12 छात्र अस्पताल में भर्ती

अगरतला। त्रिपुरा में खोवाई जिले के एक आवासीय विद्यालय में बीमार पड़ने के बाद 12 छात्राओं को तेलियामुरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक जूनियर सेक्शन के छात्र शनिवार को अचानक पेट खराब, उल्टी और सांस लेने में समस्या से पीड़ित हो गए और उन्हें तेलियामुरा उप-विभागीय अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। अस्पताल के अधिकारियों ने कहा कि वे सभी खतरे से बाहर हैं और यह स्वास्थ्य समस्या अत्यधिक गर्मी और आर्द्र मौसम में खाद्य विषाक्तता के कारण हो सकती हैं।

20 साल की उपलब्धियों का दिया ब्यौरा

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने जारी किया प्रदेश सरकार का गरीब कल्याण रिपोर्ट कार्ड, कहा-

# भाजपा सरकार ने मप्र को बेमिसाल राज्य बनाया





**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा के वरिष्ठ नेता, केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि 1956 में मध्यप्रदेश के गठन के बाद से 2003 तक ज्यादातर समय कांग्रेस की ही सरकारें रही हैं। इन सरकारों ने प्रदेश को बीमारू राज्य बना दिया। एक समय मध्यप्रदेश देश के उन राज्यों में शामिल था, जो देश के विकास में बाधक थे। 2003 में प्रदेश में उमा भारती के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी। बाद में बाबूलाल गौर और अब शिवराजसिंह चौहान सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं। भाजपा की सरकार ने प्रदेश को 20 सालों में बीमारू से बेमिसाल राज्य बनाया, बंटाढार से बुलंदियों पर पहुंचाया, पिछड़े से अग्रणी बनाया, समृद्ध और खुशहाल राज्य बनाया। श्री शाह ने यह बात प्रदेश सरकार के 20 सालों के गरीब कल्याण रिपोर्ट कॉर्ड को जारी करते हुए कही। उन्होंने तुलनात्मक आंकड़े देकर कांग्रेस सरकारों और भाजपा सरकारों की उपलब्धियों को पेश किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने भी संबोधित किया। इस दौरान गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा मौजूद थे।

श्री शाह ने कहा कि 2003 से पहले मध्यप्रदेश बीमारू राज्य हुआ करता था। 2003 में आई भाजपा की सरकार ने प्रदेश को बीमारू राज्य के कलंक से मुक्ति दिलाई। 2003 से 2023 तक के 20 साल प्रदेश में गरीबी से मुक्ति का स्वर्णकाल रहे हैं और इन सालों में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की नींव डाली गई। 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनी और प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मध्यप्रदेश की दिल खोलकर मदद की। डबल इंजन वाली सरकार ने प्रदेश में विकास के नए प्रतिमान गढ़े। न सिर्फ सड़क ▪ शेष पृष्ठ 3 पर

### शिवराज को सर्वाधिक लोकप्रिय और मेहनती मुख्यमंत्री बताया

श्री शाह ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की जमकर तारीफ की। उन्होंने श्री चौहान को सर्वाधिक लोकप्रिय और मेहनती मुख्यमंत्री बताते हुए कहा कि प्रदेश में हुए रिकार्ड तोड़ विकास के लिए मैं शिवराज को साधुवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि मोदी जी और शिवराज जी की जोड़ी ने मध्यप्रदेश को नये मुकाम तक पहुंचाया।

### 14 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए

श्री शाह ने कहा कि 2014 में सत्ता में आने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने 60 करोड़ गरीबों का जीवन स्तर ऊपर उठाया। 14 करोड़ लोग गरीबी की सीमा रेखा से बाहर हुए। लगभग 10 सालों में देश की आबादी 10 प्रतिशत लोगों को गरीबी रेखा से बाहर करके मोदी जी गरीब कल्याण के पुरोधा बन गए और उनकी योजनाओं का लाभ ▪ शेष पृष्ठ 3 पर

### अब संपूर्ण विकास पर हो रहा काम

श्री शाह ने कहा कि पहले की सरकारें टुकड़े–टुकड़े विकास पर विश्वास करती थीं। 20 हजार घर, 30 हजार शौचालय जैसे लक्ष्य हुआ करते थे। लेकिन प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश में पहली बार संपूर्ण विकास का कांसेप्ट दिया। हर घर में शौचालय, हर जरूरतमंद माता–बहन को गैस कनेक्शन, हर घर में नल से जल जैसी योजनाएं संपूर्ण विकास की ही उदाहरण हैं। संपूर्ण विकास को हासिल करने के लिए ▪ शेष पृष्ठ 3 पर

### मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद विकास को नई गति मिली



मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा कि 2003 से पहले मध्यप्रदेश बीमारू राज्यों में शामिल था और यहां डकैतों, नक्सलियों का आतंक था। हमारी सरकार ने प्रदेश को बीमारू राज्य के ठप्पे से मुक्ति दिलाई। वर्ष 2002–03 में प्रदेश की अर्थव्यवस्था का आकार 71000 करोड़ रुपये हुआ करता था, वह अब 13.5 लाख करोड़ के पार हो गया है। देश की जीडीपी में पहले प्रदेश का योगदान सिर्फ 3.6 प्रतिशत था, जो अब ▪ शेष पृष्ठ 3 पर

### विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रही डबल इंजर सरकार



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रदेश के लिए यह गर्व की बात है कि भाजपा सरकार के 20 सालों के गरीब कल्याण के रिपोर्ट कॉर्ड का लोकार्पण केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के हाथों किया जा रहा है, मैं प्रदेश की जनता की ओर से तथा पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से उनका स्वागत करता हूं, ▪ शेष पृष्ठ 3 पर

दिग्विजय और कमलनाथ पर साधा निशाना, बोले-

### कांग्रेस में हिम्मत है तो 53 सालों का हिसाब दे

श्री शाह ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और कमलनाथ पर जमकर निशाना साधा। साथ ही यह चुनौती भी दी कि कांग्रेस प्रदेश में अपने 53 सालों का हिसाब दे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जवाबदेही की एक नई परंपरा शुरू की है, जिसके अंतर्गत हर सरकार अपने कार्यकाल में किए गए कामों का लेखा–जोखा प्रस्तुत करती है। श्री शाह ने कहा हमने अपना रिपोर्ट कॉर्ड प्रस्तुत किया है और गलत आरोप लगाकर जनता को गुमराह करने वाली कांग्रेस को इस रिपोर्ट कॉर्ड का जवाब देना चाहिए। कांग्रेस ने प्रदेश की जनता के साथ जो अन्याय किया है, उसका जवाब देना चाहिए और अगर उसमें हिम्मत है, तो अपने 53 सालों के शासन का रिपोर्ट कॉर्ड प्रस्तुत करे। श्री शाह ने कहा कि मध्यप्रदेश में 15 महीनों के लिए कमलनाथ की सरकार बनी थी, जिन्हें करप्शन नाथ कहा जाता है। मि. बंटाढार और कमलनाथ इस बात का जवाब दें कि ▪ शेष पृष्ठ 3 पर

### कमलनाथ ने कभी हल नहीं पकड़ा, वे समर्थन मूल्य की बात करते हैं

श्री शाह ने कहा कि कमलनाथ जैसे जिन नेताओं ने कभी हाथों में हल नहीं पकड़ा, वो हमारी सरकार पर सवाल उठाते हैं। जबकि उनकी सरकार के समय समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी सिर्फ 4.38 लाख थी, जिसे हमारी सरकार ने 77.96 लाख मीट्रिक टन तक पहुंचाया। धान की खरीदी सिर्फ 95 हजार मीट्रिक टन होती थी, जिसे 46.30 लाख टन तक पहुंचाया।

### कांग्रेस शासन के घोटाले गिनाए


श्री शाह ने कांग्रेस पर भ्रष्टाचार और घोटालों का आरोप लगाया, साथ ही कुछ घोटाले भी गिराए। उन्होंने कहा कि इस्तीफा देते समय कोई मुख्यमंत्री काम नहीं करता, लेकिन करप्शननाथ ने अपने इस्तीफे से 15 मिनट पहले मोबाइल घोटाले से संबंधित दस्तावेजों पर साइन किए। करप्शन नाथ ने 350 करोड़ का मोजर बेयर घोटाला किया और 2400 करोड़ के अगस्ता वेस्टलैंड घोटाले से उनका संबंध है। करप्शन नाथ ने 600 करोड़ का इफ्को घोटाला, कर्जमाफी में 25000 करोड़ का हेरफेर किया। उस सरकार ने 800 ट्रांसफर करके नया तबादला उद्योग शुरू कर दिया था। श्री शाह ने कहा कि कमलनाथ को अपनी सरकार के डेढ़ सालों में हुए घोटालों का भी जवाब देना चाहिए।

## मीडिया के सवाल, शाह के जवाब

**सवाल**– ये मानें कि आप चुनाव को विकास के मुद्दे पर ही लेकर आएंगे?
**जवाब**– हम तो यही चाहते हैं विकास के मुद्दे पर चुनाव हो। कांग्रेस की परंपरा थी चुनाव को जातिवाद, परिवारवाद और तुष्टिकरण के आधार पर घसीट कर ले जाना। मोदी जी ने नई परंपरा डाली पॉलिट्कस ऑफ परफोर्मेंस। धारा 370 को भी समाप्त किया है। राम मंदिर का निर्माण भी तेजी से हो रहा है। यहां महाकाल लोक भी बना है। हम जरूर चाहेंगे कि चुनाव डेवलपमेंट और गरीब कल्याण के मुद्दे पर हों।
**सवाल**– 15 महीने की कमलनाथ सरकार का जिक्र किया? क्या इनका काम भाजपा के लिए चुनौती है? भाजपा आरोप पत्र लाएगी?
**जवाब**– आरोप तो मैने लगा ही दिये हैं कांग्रेस को जवाब देना चाहिये।
**सवाल**– क्या ये सही है कि चुनाव जीतने के बाद शिवराज जी ही मुख्यमंत्री रहेंगे।
**जवाब**– अभी शिवराज जी मुख्यमंत्री ही हैं। अभी हम चुनाव में हैं, पार्टी का काम पार्टी करेगी।
**सवाल**– अभी जो टिकट वितरित हुए उसमें परिवार वाद है?
**जवाब**– परिवारवाद जहर है, जब पार्टियां परिवार की मिल्कियत बनती हैं। तो डेमोक्रेसी के अंदर नीचे से जो लोग आते हैं उनके लिया क्या स्थान होता है।
अटल जी किसके बेटे थे, मोदी जी किसके बेटे थे, राजनाथ जी किसके बेटे थे। मैं पार्टी का अध्यक्ष बना, मेरे परिवार का कोई राजनीतिक बैक ग्राउंड नहीं था, नड्डा जी पार्टी के अध्यक्ष बने कोई राजनीतिक बैक ग्राउंड नहीं था, शिवराज जी का बैकग्राउंड क्या है।
कांग्रेस के एजेंडे को घुमा फिराकर भ्रांति खड़ी मत कीजिये परिवार से बहुत स्पष्ट है पार्टी की मलकियत सत्ता की मलकियत एक परिवार में हाथ में रहना इसको परिवारवाद कहते हैं। परिवारवाद की जब हम बात करते हैं तो पार्टी की मिल्कियत की बात करते हैं। आप क्या कह सकते हैं कि मध्यप्रदेश की मिल्कियत कोई परिवार की है। आप मुझे बताइए, समाजवादी पार्टी, कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव गुट) ... मैं नेताओं के नाम नहीं लेना चाहता। परिवारवाद का मतलब है सरकार और शासन में एक ही परिवार के व्यक्ति आएंगे। कहीं इक्का–दुक्का किसी के परिवार को योग्यता के आधार पर टिकट दिया, ये परिवारवाद का मुद्दा डाइल्यूट करना है।
**सवाल**– हाल ही में दो राज्यो में इन्हीं मुद्दों पर आपकी सरकार नहीं बनी, क्या गारंटी है कि मप्र में आपकी सरकार बनेगी।
**जवाब**– आप सिर्फ दो राज्यों की ही बात क्यूँ करते हैं, हमारी मणिपुर से लेकर कई राज्यों में सरकार बनी हैं।
**सवाल**– आपने कई मुफ्त की घोषणाएं कीं, इन्हें कैसे लागू करेंगे, बजट का क्या प्रावधान है, ऐसा क्या करेंगे कि प्रदेश की जनता पर प्रभाव नहीं पड़े?
**जवाब**– हमने ये घोषणाएं चुनाव के समय नहीं कीं। हर घर में शौचायल 2015 में आई, 2020 में हर घर नल आई, हमारी योजनाएं और चुनाव का संबंध नहीं है। रही बात गरीब को रेवड़ी बांटने वाली बात की तो गरीब को भी समझ है कि मोदी जी ने एक लाख का घर दिया और कोई 200 रुपए का बिल माफ करेगा तो वह एक लाख का घर भूलकर 200 रुपए बिल माफी पर वोट नहीं करेगा। हमारा विश्वास गरीब को गरीबी से बाहर निकालना और उसकी आय बढ़ाना है।
**सवाल**– 2018 के चुनाव में भाजपा का वोट प्रतिशत बढ़ा लेकिन सीटें घटीं , अब क्या बदलाव आया है कि आप चुनाव जीत जाएंगे।
**जबाव**– 2018 का चुनाव जातिवाद के जहर की परछाईं में हुआ था। जनता ने हमारा और कांग्रेस का 15 माह का शासन देख लिया है। हमें पूरा विश्वास है कि इस बार जनता हमें चुनेगी और हम पूर्ण बहुमत के साथ मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी।
**सवाल**– दिग्विजय का आरोप है कि एमपी में नूंह की तरह भाजपा दंगों की प्लानिंग कर रही है?
**जवाब**– दिग्विजय सिंह का ऐसा ही स्वभाव है। जो आदमी के मन में होता है, ऐसी ही बात मुंह से निकलती है। एक महीने बाद दिग्विजय को पूछ लेना कि दंगा क्यों नहीं हुआ।
**सवाल**– आपने कांग्रेस व कमलनाथ व दिग्विजय सिंह के घोटालों की सूची दी है। केंद्र में आपकी सरकार है, तो क्या कारण है कि आप इन पर शीघ्रता से कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।
**जबाव**– मैने कभी राजनीति के आधार पर एक्शन नहीं लिए। एजेंसी जांच कर रही हैं। जांच में समय लगता है। ये वही एजेंसियां हैं जिनकी कार्रवाई पर कार्रवाई पर विपक्ष–कांग्रेस हायतौबा मचा रही है। अगर ये कमलनाथ जी का स्पांसर सवाल है तो जान लें कि इससे नुकसान भी हो सकता है, जांच की गति तेज भी हो सकती है।

राहुल गांधी का बड़ा दावा

# चीन की सेना लद्दाख में घुसी



**लद्दाख, एजेंसी।** लद्दाख दौरे पर आए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने रविवार को दावा किया कि चीन ने यहां के लोगों की जमीन छीन ली है। उन्होंने कहा, चिंता की बात यह है कि चीन ने जमीन छीन ली है और लोग प्रभावित हो रहे हैं। लोग कह रहे हैं कि चीनी सेना (भारतीय क्षेत्र में) घुस आई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए गांधी ने कहा, 'प्रधानमंत्री ने कहा था कि एक इंच जमीन नहीं खोई है, लेकिन लद्दाख में यह सच नहीं है।' केरल के वायनाड से कांग्रेस सांसद ने यह भी कहा कि केंद्र शासित प्रदेश के लोग बेरोजगारी और मुद्रास्फीति सहित विभिन्न मुद्दों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, लद्दाख में लोगों की बहुत सारी शिकायतें हैं। लोग उन्हें दिए गए दर्जे से खुश नहीं हैं, उन्हें प्रतिनिधित्व की जरूरत है। लोग कह रहे हैं कि प्रतिनिधित्व होना चाहिए, इसे नौकरशाही के माध्यम से नहीं चलाया जाना चाहिए। ▪ शेष पृष्ठ 3 पर

### राहुल के बयान पर भाजपा का पलटवार


**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा ने रविवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के उस बयान पर पलटवार किया है। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम आपसे क्या उम्मीद कर सकते हैं? जवाहरलाल नेहरू के समय में चीन ने 1962 के युद्ध से पहले और बाद में (भारत की) कितनी जमीन पर कब्जा किया था, क्या आपको राहुल गांधी जी याद है? वह दौरे से पहले एजेंडा तय करते हैं।

### पिता को याद कर हुए भावुक

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी इस दिनों केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के दौरे पर हैं। रविवार को उन्होंने अपने पिता और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनकी जयंती पर याद करते हुए ट्वीट किया। राहुल गांधी ने ट्विटर पर एक भावुक वीडियो शेयर करते हुए लिखा, पापा, आपकी आंखों में भारत के लिए जो सपने थे, इन अनमोल यादों से छलकते हैं।

खड़गे ने कांग्रेस कार्य समिति का किया गठन

# सोनिया, राहुल, प्रियंका शामिल, थरूर और सचिन पायलट को भी मिली जगह









**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी की बहुप्रतीक्षित सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति का गठन कर दिया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने आज यहां बताया कि समिति में 39 सदस्यों के साथ ही 18 स्थायी आमंत्रित सदस्य, 14 प्रभारी, नौ विशेष आमंत्रित सदस्य तथा चार पार्टी की विभिन्न संगठनों की अध्यक्ष शामिल हैं जिन्हें पदेन सदस्य के रूप में कार्यसमिति में जगह दी गई है।

उन्होंने बताया कि समिति में 39 प्रमुख सदस्य हैं जिनमें श्री खड़गे के अलावा पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, एके एंटोनी, आधीर रंजन चौधरी शामिल हैं। कांग्रेस महासचिव के अनुसार समिति के अन्य सदस्यों में अंबिका सोनी, मीरा कुमार, दिग्विजय सिंह, पी चिदंबरम, तारिक अनवर, लाल थनवला, अशोक चव्हाण, मुकुल वासनिक, आनंद शर्मा, चरणजीत सिंह चन्नी, प्रियंका गांधी वाड्रा, अजय माकन, कुमारी सैलजा, गैखनगम, एन रघुवीर रेड्डी, शशि थरूर, ताम्रध्वज साहू, अभिषेक मनु सिंघवी, सलमान खुर्शीद, जयराम रमेश, दीपक बावरिया, सचिन पायलट, रणदीप सिंह सुरजेवाला, जितेंद्र सिंह , जगदीश ठाकुर, जीए मीर, अविनाश पांडे, दीपा दास मुंशी, केसी वेणुगोपाल, महेंद्रजीत सिंह मालवीय, गौरव गोगोई, सैयद नासिर हुसैन और कमलेश्वर पटेल शामिल हैं।

### मप्र से दिग्विजय, पटेल और मीनाक्षी नटराजन शामिल

श्री वेणुगोपाल ने बताया कि कार्य समिति में वरिष्ठ नेता वीरप्पा मोइली, हरीश रावत, पवन कुमार बंसल, मोहन प्रकाश, रमेश चेन्निथला, बीके हरिप्रसाद, प्रतिभा सिंह, मनीष तिवारी, तारिक हामिद कारा, दीपेंद्र सिंह हुड्डा, गिरीश चडोनकर, सुब्बी रमारेड्डी, के राजू,चंद्रकांत हंडोरे, मीनाक्षी नटराजन, फूलोदेवी नेताम,डीआर नरसिम्हा और सुदीप रॉय बर्मन, डॉ ए चेल्ला कुमार, भक्त चरण दास, डा अजय कुमार, हरीश चौधरी, राजीव शुक्ला, माणिक टैगोर, सुखविंदर सिंह रंधावा, माणिक राव ठाकरे, रजनी पटेल, कन्हैया कुमार, गुरदीप सिंह सप्पल ▪ शेष पृष्ठ 3 पर

## सार-समाचार

### रजक समाज की बैठक हुई आयोजित



**बीना, देशबन्धु।** रजक सेवा समिति ने रजक समाज बीना की बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष राजकुमार रजक ने की। गौरतलब है कि पिछली बैठक में समाज के लिए धर्मशाला संबंधी चर्चा की गई थी। इसमें कानूनगो वार्ड निवासी ओमकार रजक एवं दिनेश रजक ने समाज की धर्मशाला के लिए जगह दान देने की इच्छा जाहिर की थी। इस पर रविवार को हुई बैठक में शामिल समाज के सभी वरिष्ठ जनों ने सहमति दी। बैठक में अनुसूचित जाति के मुद्दे को लेकर भी चर्चा की गई। जिस पर तय हुआ कि विधानसभा के प्रत्येक गांव में बैठक कर एक बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। समाज के धनीराम रजक ने बताया कि विधानसभा चुनाव से पहले समाज की जनगणना की जाएगी। इससे की समाज संख्यानुसार अपने कार्यों के लिए सशक्त बन सके। रजक समाज समिति के सहसचिव संजय मालवीय ने बैठक में समिति की कार्यकारिणी विस्तार एवं समाज के लिए सेवाभाव से कार्य करने की अपील की। बैठक में बड़ी संख्या में रजक समाज के लोग उपस्थित रहे। बैठक का संचालन नवनियुक्त ग्रामीण अध्यक्ष धन्ना लाल रजक ने किया। आभार पुन्नालाल रजक ने माना।

### बण्डा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहली बार चढ़ाया पेशेंट को ब्लड



**बण्डा, देशबन्धु।** बण्डा क्षेत्र के मरीजों को ब्लड चढवाने के लिए सागर जाना पडता था लेकिन बण्डा के डॉ. मानवेंद्र सिंह ने महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बण्डा में ही ब्लेड चढा दिया और सफल भी हुआ। जब मीडिया ने इस सबंध में डॉ. मानवेंद्र सिंह से बात की तो उन्होंने बताया पीडित महिला किरण पति केहर अहिरवार ग्राम सिमरिया छापरी बंडा एनीमिया के कारण साड़े 5 पॉइंट हीमोग्लोबिन होने से मरीज की हालत गंभीर थी। मरीज की हालत को देखते हुए बीएमओ से बात की बीएमओ डॉ. योगेंद्र खटीक ने सागर से ब्लड अरेंज कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बंडा में पदस्थ मेडिकल ऑफिसर डॉ. लकी जैन और मेरी देखरेख में किरण अहिरवार को ब्लड चढ़ाया और अब पेसेंट पूर्ण रूप से स्वस्थ है।

### कांग्रेसियों ने स्व. राजीव गांधी की जयंती मनाई



**बण्डा, देशबन्धु।** 40 वर्ष की उम्र में प्रधानमंत्री बनने वाले संचार क्रांति के जनक राजीव गांधी भारत के सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री थे और संभवत: दुनिया के उन युवा राजनेताओं में से एक हैं जिन्होंने सरकार का नेतृत्व किया है उक्त उद्गार बण्डा विधायक तरवर सिंह ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी जयंती सद्भावना दिवस के अवसर पर व्यक्त किये। इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह राजपूत, पवन मिश्रा, पीडी तिवारी, महेन्द्र सिंह कंदारी, विधायक प्रतिनिधि गौरव जैन उल्दन, भरत सिंह लोधी मण्डलम अध्यक्ष, राजविहारी मिश्रा, रग्गीराम चढ़ार, महेन्द्र जोगी, दिनेश सिंह दीनू घुरैया, गोलू मिश्रा सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलेगी तो वह डॉक्टर और इंजीनियर बनकर क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे: सरोज सिंह




**खुरई, देशबन्धु।** जिला पंचायत की पूर्व उपाध्यक्ष सरोज सिंह ने खुरई विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गनपत, सिलापरी एवं कुमरोल में निर्माण व विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। उन्होंने प्रत्येक स्थान पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकलयाणकारी योजनाओं का लाभ लेने लोगों से आग्रह किया। उक्त तीनों स्थानों पर मंत्री भूपेन्द्र सिंह द्वारा किए गए विकास कार्यों पर विस्तृत जानकारी दी। सरोज सिंह ने सिलापरी में 2 लाख की लागत के सामुदायिक भवन निर्माण एवं गनपत में 2 लाख रूपए लागत के चबूतरा शेड निर्माण का भूमिपूजन किया। इसके अलावा कुमरोल में 5 लाख की लागत के सामुदायिक भवन निर्माण का भूमिपूजन एवं 14.74 लाख की लागत के स्टाप डेम का लोकार्पण किया। उन्होंने आजीविका मिशन अंतर्गत ग्राम संगठन कुमरोल को 2.7 लाख की राशि प्रदान की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरोज सिंह ने कहा कि जब वह पहली बार प्रचार करने इस ग्राम में आईं थीं तो लोगों ने सड़क बनवाने का आग्रह किया था। पहले ग्राम में सड़क नहीं थी मंत्री जी के प्रयासों से अब यहां पक्की सड़क है, यह यहां के लोगों के लिए मंत्री जी की तरफ से सौगात है। क्षेत्र के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलेगी तो वह इंजीनियर बनेंगे, डॉक्टर बनेंगे और देश के अच्छे पदों पर जाएंगे और अपने खुरई क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

## तुलसी फाउंडेशन के द्वारा निकाली गई कावड़ यात्रा के सफल आयोजन के लिए सभी का माना आभार



**सागर, देशबन्धु।** तुलसी फाउंडेशन सागर के तत्वाधान में निकाली गई लगातार पांचवे वर्ष ऐतिहासिक कावड़ यात्रा की आय व्यय एवं सभी सहयोगियों का आभार बैठक आयोजित की गई। कावड़ यात्रा के संयोजक हरिराम सिंह ठाकुर ने आय व्यय पत्रक का वाचन किया। तुलसी फाउंडेशन कावड़ यात्रा के अध्यक्ष प्रदीप राजोरिया ने कावड़ यात्रा में साथ में गए समस्त कावड़ यात्रियों का और व्यवस्था संभाल रहे कमेटी के समस्त पदाधिकारियों के साथ समस्त धर्म प्रेमी बंधुओं का जिन्होंने कावड़ यात्रा को प्रभावी रूप से सफल बनाने में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग दिया ऐसे सभी धर्म प्रेमी बंधुओं का आभार व्यक्त किया, कावड़ यात्रा के कोषाध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र पाठक ने कावड़ यात्रा में सहयोग करने वाले और व्यवस्था संभालने वालों के संबंध में जानकारी प्रस्तुत की। कावड़ यात्रा के समन्वयक सर्व ब्राहमण समाज संगठन के अध्यक्ष रामवतार पाण्डे ने कहा कि जिस अनुशासन में 550 लोग कावड़ लेकर निकले यह दृश्य देखने लायक था इसी तरह धर्म की ध्वाज पताका फहराकर सर्व समाज को जोड़ने का कार्य निरंतर जारी रखे। कावड़ यात्रा के सह संयोजक सिंटू कटारे, लक्ष्मण सिंह ने कहा हम सबके लिए यह पुण्यों का उदय है हम सभी को श्रावण महिना पुरुषोत्तम मास में भगवान भोलेनाथ, मां नर्मदा मैया का जल लेकर कावड़ यात्रा में सहभागिता करने का अवसर मिला। कार्यक्रम के भव्य सफल आयोजन के लिए तुलसी फाउंडेशन कावड़ यात्रा के अध्यक्ष प्रदीप राजोरिया एवं पूरी कमेटी के पदाधिकारियों को बधाई जिन्होंने अथक परिश्रम कर कार्यक्रम को भव्य रूप से सफल बनाया। बैठक का संचालन कावड़ यात्रा के सह संयोजक अनिल दुबे ने किया आभार बृजमोहन पाठक ने व्यक्ति किया।

### युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**सागर, देशबन्धु।** बहेरिया थाना क्षेत्र के ग्राम कर्रापुर में युवक ने घर में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। परिवार के लोगों ने घटना देखी तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा बनाया। शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। जानकारी के अनुसार गोविंद पुत्र खिलान अहिरवार उम्र 26 साल निवासी वार्ड क्रमांक.3 कर्रापुर अपने घर में अकेला था। इसी दौरान अज्ञात कारणों के चलते उसने फंदा लगा लिया। बाजू के घर में रह रही मां खाना खाने का बोलने गई तो दरवाजा बंद था। उन्होंने दरवाजे से आवाज लगाई। लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। जिसके बाद आसपास के लोगों को बुलाया। वे दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे। जहां देखा तो गोविंद फंदे पर झूल रहा था। उन्होंने तत्काल फंदे की रस्सी काटी और अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में डॉक्टर ने चेकअप करने के बाद गोविंद को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर कर्रापुर चौकी पुलिस पहुंची और मामले की जांच शुरू की। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिवार वालों को सौंप दिया। वहीं मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। मृतक के आत्महत्या करने का कारण सामने नहीं आ सका है। मामले में पुलिस परिवार वालों के बयान लेगी। मृतक के पिता खिलान ने बताया कि मृतक बेटे गोविंद ने एक दिन पहले ही अपनी पत्नी और बच्चों को मायके भेज दिया था। वह कुछ दिनों से परेशान चल रहा था। वह सब्जी व फल का ठेला लगता था। मृतक की तीन बेटियां और एक बेटा है।

### मतदाता सूची की शुद्धता एवं नये मतदाता का नाम जोड़ने का कार्य प्राथमिकता के साथ पूर्ण करें: कलेक्टर

**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने कहा कि प्रत्येक मतदान केंद्र के बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने मतदान केंद्र का सर्वे कर मतदाता सूची की शुद्धता का कार्य पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि इसका विशेष ध्यान रखा जाये कि एक परिवार के सभी सदस्यों का नाम एक ही मतदान केंद्र पर हो। दोहरी प्रवृष्टि वाले मतदाताओं की विशेष रूप से जांच करें और मौके पर जाकर उनके आधार नंबर, समग्र आईडी, नंबर प्राप्त करें। साथ ही समान फोटो वाले मतदाताओं का सत्यापन कर आवश्यकतानुसार विलोपन और संशोधन की कार्रवाई करें। ऐसे मतदाता जिनकी फोटो स्पष्ट नहीं है उन मतदाताओं से संपर्क कर अपने मोबाइल से संशोधित फोटो अपलोड करें। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ मतदान केंद्र पर उपस्थित होकर मतदान भवन की लेटेस्ट फोटो अपलोड कर मतदान केंद्र की सुविधाओं की जानकारी अच्छा/बुरा बीएलओ एप से दर्ज की जाये।

## भारत को फिर विश्वगुरु के स्थान पर कर सकते हैं स्थापित: राजीव लोचन दास



**बण्डा, देशबन्धु।** स्नेह यात्रा का शुभारंभ बण्डा विकासखंड के पिपरिया चउदा से किया गया यात्रा के दौरान स्वामी राजीव लोचन दास का स्वागत वंदन किया गया इसके बाद यात्रा प्रहलादपुरा, नेनधरा, कंदवा, लरेठी पहुंची। जहां महिलाओं ने ढोल मजीरा के साथ स्वागत किया तथा भजन कीर्तन किया। इसके बाद यात्रा दोपहर के बाद चौका, चीलपहाडी, पटौआ, मंजला होती हुई भड़राना पहुंची। जहां पर सह भोज एवं सत्संग का आयोजन एवं ग्रामीण जनों द्वारा भजन मंडलियों द्वारा फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। महिलाओं ने कलश व दीपो द्वारा स्वागत किया। ज्ञात हो कि प्रदेश के सभी 52 जिलों में सामाजिक सद्भाव और समरसता के उद्देश्य से स्नेह यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। सामाजिक जीवन में भेद भाव भुलाकर एकता की भावना के सम्प्रेषण और सकारात्मक और सार्थक वातावरण निर्माण के उद्देश्य से 16 से 26 अगस्त तक प्रदेश के समस्त 52 जिलों में स्नेह यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा प्रत्येक जिलें में 11 दिन चलेगी। प्रत्येक जिले में स्नेह यात्रा का नेतृत्व एक प्रतिष्ठित संत कर रहे हैं। सागर जिले में यात्रा का नेतृत्व स्वामी राजीव लोचन दास के द्वारा किया जा रहा यात्रा प्रतिदिन विविध सेवा बस्तियों में प्रवास कर समरसता का संदेश दे रही है। संत वंचित वर्गो में घर-घर जाकर समाज को एकता के सूत्र में जोड रही है। बण्डा के लरेठी ग्राम में आयोजित संवाद के दौरान स्वामी जी ने कहा कि मानव मानव एक है और हम सब साथ रहकर राष्ट्र को आगे बढ़ाते हुए यह संकल्प लें कि घर में परिवार के साथ एवं समाज में सबके साथ भोजन और भजन करेंगे तो समाज में और परिवार में समरसता का भाव आएगा एवं स्नेह बढ़ेगा और हमारा देश एक मजबूत रिश्तो में जुड़ता जाएगा। ग्राम भड़राना में कहा कि समाज में हम साथ रहकर जाति पाति के भेद को मिटाकर साथ रहे तो हम बढ़ते हुए फिर भारत को विश्वगुरु के स्थान पर स्थापित कर सकते हैं। जिले के विकासखंड बण्डा में 10 ग्रामों में आयोजित यात्राओं में 8 जन संवाद के कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिनमें लगभग 2600 से अधिक लोगों ने सहभागिता की।

# अपने बच्चों को संपत्ति नहीं, कार नहीं, संस्कार दें: मुनिश्री



**मकरोनिया, देशबन्धु।** जैन समाज में बच्चों को धार्मिक शिक्षा के साथ ही ज्ञान, ध्यान और संस्कार देने के लिए अवकाश के दौरान नीति जैनत्व संस्कार विधि कार्यक्रम का आयोजन अंकुर कॉलोनी स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में किया गया। इस अवसर पर मुनि श्री सुदत्तसागर ने अपने प्रवचन में कहा मनुष्य सामाजिक प्राणी है, वह समाज में जीता है। हर समाज की अपनी परंपराएं होती है। परंपराओं की पृष्ठभूमि में दो बातें होती है अनुकरण व विवेकपूर्ण आचरण। अनुकरण में उचित अनुचित पर ध्यान नहीं दिया जाता। चले आ रहे क्रम का अनुवर्तन होता रहता है। विवेक पूर्ण आचरण में भी अनुकरण हो सकता है पर वहां भेड़ चाल नहीं होती। वहां उचित परंपराओं एवं अपनी संस्कृति को महत्व दिया जाता है। संस्कारों की समूहगत परंपरा संस्कृति कहलाती है। जैन संस्कार एवं जैन संस्कृति अपने आप में विशिष्ट है। जैन संस्कार विधि जैनत्व को पुष्ट करने का एक सशक्त माध्यम है। इसमें मुख्यत: आस्था, संयम और अहिंसा इन तीन सूत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाता है। जैन संस्कार से तात्पर्य है कि जैनी का आचार, विचार, व्यवहार जैनत्व के अनुरूप हो। क्षुल्लक श्री चंद्रदत्त सागर ने जैन संस्कार विधि के उपक्रम को युग की जरूरत बताते हुए सभी के प्रति मंगल भावना व्यक्त की। बच्चे पाठशाला में तो केवल आधा घंटे के लिए ही आते हैं वह घर पर माता पिता के पास 24 घंटे रहते हैं। माता पिता को बच्चों में धर्म के, पाठशाला के, मंदिर के संस्कारो का बीजारोपण अवश्य ही करना चाहिए। विधानाचार्य पं. उदय चंद शास्त्री ने अभिषेक, पूजन, सकलीकरण, रक्षा सूत्र, मौली बंधन, दीप स्थापना, कलश स्थापना, यज्ञोपवित, हवन आदि धार्मिक क्रियाएं संपन्न कराई। मुनि सेवा समिति सदस्य मनोज जैन लालो ने बताया कि 8 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों के सिर पर स्वास्तिक बनाकर मुनि श्री सुदत्तसागर ने जैनत्व के संस्कार दिए। बच्चियों को जैनत्व के संस्कार ब्रह्मचारी दीदी के द्वारा दिए गए। कार्यक्रम संयोजिका माया जैन, सीमा जैन वर्षा जैन ने बताया मकरोनिया क्षेत्र में स्थित सभी जैन मंदिरों की पाठशाला से लगभग 300 बच्चे संस्कार कार्यक्रम में शामिल हुए। अंत में कार्यक्रम का आभार ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष अशोक जैन पटवारी ने माना।

### युवा कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों का किया आयोजन



**सागर, देशबन्धु।** भारत रत्न देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती को युवा कांग्रेस नरयावली के तत्वाधान में पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी के निर्देशन में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाया। उपस्थित कांग्रेसजनों ने स्व. राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनका पुण्य स्मरण किया। तदोपरान्त विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी में राजा बुंदेला, देवेंद्र कुर्मी, अशरफ खान, शरद राजा सेन, रवि उमाहिया आदि ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में अबरार सौदागर, सौरभ चौकसे, अनूप गुरु, एड. वीरेंद्र चौधरी, एमआई खान आदि मौजूद थे।

### भाषण, स्लोगन एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन



**राहतगढ़, देशबन्धु।** शास. महाविद्यालय में मतदान जागरूकता पर भाषण, स्लोगन एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। शत प्रतिशत मतदान करने हमारी जिम्मेदारी विषय पर छात्राओं ने भाषण दिया। जिसमें जया शुक्ला प्रथम, वर्षा विश्वकर्मा द्वितीय एवं विजय कुशवाहा तृतीय रहे। स्लोगन प्रतियोगिता में वर्षा विश्वकर्मा प्रथम रहीं। आदर्श मतदान केंद्र विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता में वंदना विश्वकर्मा प्रथम, शबा बेहना द्वितीय एवं समीर कुरैशी तृतीय रहे। नोडल अधिकारी डॉ. अपर्णा दुबे ने कहा कि लोकतंत्र में राजनीतिक सहभागिता हमें मतदान के माध्यम से ही प्राप्त होती है अत: मतदान करना हमारा परम कर्तव्य होना चाहिए। आशीष रैकवार ने छात्र छात्राओं को मतदान परिचय पत्र बनवाने के लिए प्रेरित किया। संदीप जैन ने आभार व्यक्त किया।

### सर्वोदय ग्रुप की बहनों ने मनाया हरियाली महोत्सव



**खुरई, देशबन्धु।** अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महिला परिषद मरूदेवी संभाग के सर्वोदय शाखा की बहनों ने हरियाली महोत्सव मनाया। इस महोत्सव में सभी बहनों ने वृक्षारोपण किए और प्रकृति से जुड़े रहने के लिए सब्जियों और फलों के आभूषण तैयार किए और एक संदेश दिया कि हम अपनी जड़ों से जुड़ कर कितने सुरक्षित अर कितने स्वस्थ्य रह सकते हैं। हमारी शाखा की सभी बहनों ने यह प्रतिज्ञा ली कि हम प्रतिवर्ष एक पौधा अवश्य ही लगायेंगे और पर्यावरण में अपना योगदान देंगे।

### कांग्रेसियों ने कार्यवाही को लेकर ज्ञापन सौंपा



**राहतगढ़, देशबन्धु।** रविवार को कांग्रेसियों ने थाने पहुंचकर थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि मंत्री पुत्र आकाश सिंह राजपूत ने तिरंगा यात्रा के दौरान राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा का अपमान किया है। उचित कार्रवाही की जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रहलाद पटेल, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय सिंह लोधी, प्रभात सिंह ठाकुर, जितेंद्र सिंह, रामू ठाकुर, सौरभ सिंह ठाकुर आदि लोग मौजूद थे।

### भगवान् झूलेलाल चालिहा का समापन 25 को



**सागर, देशबन्धु।** सिंधी कॉलोनी में चल रहे वरुण अवतार भगवान झूलेलाल चालिहा उत्सव के दौरान 40 दिन तक सिंधी समाज सुबह और शाम के समय भगवान झूलेलाल की आरती और पूजन करता है। 25 अगस्त को चालिहा का समापन होगा। संस्थापक लालचंद मेठवानी, मंडली अध्यक्ष दयाराम बहरानी, उपाध्यक्ष प्रेम प्रथ्यानी, दौलतराम नागवानी ने बताया की सिंधी समाज में चालिहा उत्सव का बड़ा महत्व है। यह बड़ा कठिन भी है, क्योंकि इसमें 40 दिन तक उपवास कर भगवान की आराधना करना होती है। उपवास के नियम भी काफी कठिन है। उत्सव के दौरान दोनों समय पूरा समाज मंदिर में एकत्र होता है और साज सज्जा कर आरती और पूजन होता है। समापन अवसर पर 40 वे दिन विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। श्री झूलेलाल मंदिर के चालिहा हाल में प्रात: 8 बजे से विभिन्न जोड़ों की उपस्थिति में समाज के पं. शिवा शर्मा के मंत्रोच्चारण के मध्य हवन यज्ञ आयोजित होगा। सुबह 9 बजे से भगवान श्री झूलेलाल का विशाल चल समारोह बहराणा साहब बैंड बाजे एवं सिंध की शहनाई की मधुर सुरलहरियों के मध्य सिंधी कॉलोनी से विभिन्न मार्गों से होकर माता बहनों की कलश यात्रा के साथ बहराणा साहिब की शोभायात्रा निकाली जाएगी। दोप 12 बजे अखंड ज्योति बहराणा साहिब की शोभायात्रा नया बाजार जाएगी वहां सभी सिंधी समाज के व्यापारीजन अखंड ज्योति के दर्शन करेंगे। लालाराम मेठवानी द्वारा पल्लव व अरदास करेंगे वहां से अखंड ज्योति को चितौरा नदी में विसर्जित किया जायेगा।

## मुख्य बस स्टैंड की 4 वाय 8 की पुलिस चौकी को नहीं मिल रही पर्याप्त जगह




**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरिसिंह गौर मुख्य बस स्टैंड के निर्माण के समय प्रवेश द्वार के किनारे की एक 4 बाय 8 के स्थान को पुलिस चौकी को दे दिया गया जिसमें बमुश्किल केवल एक आरक्षक ही बैठ सकता है ना तो उसमें पीड़ित के बैठने का स्थान है और ना ही पकड़े गए अभियुक्त को रखने और पूछताछ की जगह है। यह पुलिस चौकी कब बंद रहती है और कब खुली रहती है और इसमें कब किसकी ड्यूटी रहती है। पीड़ित को इसका पता ही नहीं चल पाता वह लिखे हुए नंबरों पर फोन लगाता रहता है और बहुत से प्रकरण दर्ज ही नहीं हो पाते इसी कारण से जब बस स्टैंड नगर निगम के सुपुर्द किया गया तो प्रमुख स्थान पर बने पूछताछ केंद्र को बुकिंग ऑफिस में शिफ्ट कर दिया गया और यह स्थान पुलिस चौकी के लिए देने का प्रस्ताव किया गया किंतु तत्कालीन पुलिसकर्मियों ने इसमें कोई रुचि नहीं दिखाई और फिर नगर निगम ने यहां अतिक्रमण दस्ता का कार्यालय बनाना चाहा किंतु उन्होंने भी यहां के शोरगुल में रहने मैं असमर्थता प्रकट कर दी तब से पूछताछ कक्ष का शानदार कमरा खाली पड़ा और कबाड़ बना हुआ है। गत माहो मैं बीट प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक बीआर उपाध्याय और वरिष्ठ आरक्षक देवेंद्र वैद्य इसकी आवश्यकता महसूस की और तत्कालीन टीआई राकेश शर्मा को अवगत कराया। जिन्होंने नगर पुलिस अधीक्षक श्री पटेल के माध्यम से निगमायुक्त से उस कक्ष की कई बार मांग की और कहा कि वह कमरा सुधर वाकर पुलिस को हैंड ओवर कर दिया जाए। किंतु कुछ नहीं हुआ अब शीघ्र ही मुख्य बस स्टैंड का कुछ हिस्सा नए आरटीओ ऑफिस और कुछ भाग भोपाल रोड और अन्य स्थानों पर निर्मित होने वाले एवं निर्माणाधीन बस स्टैंडों पर शिफ्ट हो जाएगा और यहां रात्रि कालीन गाड़ियां और यात्री तथा सिटी बस टर्मिनल अस्तित्व में आएगा। तब यहां पुलिस बल की ज्यादा आवश्यकता रहेगी। लंबे समय से स्थान अभाव के कारण यहां पूर्णकालिक पुलिस चौकी और स्टाफ नहीं दिया जा रहा है। यहां पुलिस थाना तक पूर्व में प्रस्तावित किया जा चुका है जिसके लिए दोनों बस स्टैंड के बीच सुलभ कांप्लेक्स के यहां स्थान चिन्हित किया गया था जिस पर भी अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई अगर यह कक्ष शीघ्र पुलिस चौकी को दे दिया जाए तो पुरानी कोठरी मैं माल खाने और हवालात की जगह उपलब्ध हो जाएगी और गणमान्य लोगों की आने पर उनकी बैठने के लिए भी समुचित स्थान उपलब्ध रहेगा।

## सार समाचार

### दंगल प्रतियोगिता आज

**छतरपुर, देशबन्धु।** मोटे के महावीर मंदिर परिसर में हर की भांति इस वर्ष भी आज नाग पंचमी के मौके पर मेला और दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। दंगल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को जिला न्यायालय के विधिक सहायता अधिकारी, नेहरू युवा केंद्र और समाजसेवियों द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। श्री मोटे के महावीर मंदिर समिति के सचिव एड. आनंद कुमार शर्मा ने शहरवासियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि आज के कार्यक्रम में राजेश पुरोहित जलेबी बाबा द्वारा शुद्ध घी से निर्मित जलेबी का प्रसाद भी विरित किया जाएगा।

### कर्ज से परेशान नपाकर्मी ने निगला जहर



**छतरपुर, देशबन्धु।** नगरपालिका में पदस्थ 28 वर्षीय धर्मेंद्र बाल्मिक निवासी बेलदार मोहल्ला छतरपुर ने कर्ज से परेशान होकर डाई का सेवन कर लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। धर्मेन्द्र की चाची के मुताबिक उसने चौपाटी निवासी सालू खान से उधार पैसे लिए थे जो कि वह लौटा नहीं पा रहा था। पैसे वापिस न मिलने के कारण सालू के द्वारा धर्मेन्द्र को लगातार परेशान किया जा रहा था जिससे तंग आकर शनिवार और रविवार की दरम्यानी रात धर्मेन्द्र ने डाई का सेवन कर लिया। घटना के बाद धर्मेन्द्र की चाची उसे जिला अस्पताल लाई जहां उसका इलाज किया जा रहा है। परिजनों के मुताबिक धर्मेन्द्र के पिता का निधन हो चुका है और परिवार का भरण–पोषण करने वाला वह एक मात्र व्यक्ति है। फिलहाल जिला अस्पताल में धर्मेन्द्र का इलाज जारी है।

### युवक पर किया तलवार से हमला



**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के बिजावर शहर में बीती रात करीब साढ़े 9 बजे दो लडक़ों ने एक युवक के ऊपर बिना किसी कारण के तलवार से हमला कर लिया। युवक के सिर में गंभीर चोट आई है तथा उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल दिलीप पुत्र छोटेलाल नामदेव उम्र 32 वर्ष निवासी बिजावर ने बताया कि रात करीब साढ़े 9 बजे वह अपने घर की ओर जा रहा था तभी उसे हिल्ले अहिरवार और राहुल अहिरवार ने रोक लिया और बातें करने लगे। इसी बीच दोनों युवकों ने तलवार निकालकर उसके सिर पर वार कर दिया जिससे वह लहुलुहान हो गया। घटना को अंजाम देने के आद दोनों आरोपी मौके से भाग गए। घायल अवस्था में परिजन उसे बिजावर अस्पताल ले गए साथ ही पुलिस को सूचना दी गई। युवक की हालत गंभीर होने के चलते उसे जिला अस्पताल भेजा गया है, जहां उसका इलाज किया जा रहा है।

### उत्तर प्रदेश के विधायक ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक, वन टू वन हुए रुबरू

# उप्र, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र के विधायक विधानसभा वार ले रहे फीडबैक

**नौगांव, देशबन्धु।** शहर में स्थित सर्किट हाउस में रविवार की शाम भाजपा के केंद्रीय एवं प्रदेश संगठन के निर्देश पर उत्तर प्रदेश के विधायक प्रेम पाल सिंह धंगर ने महाराजपुर विधानसभा के विस्तारक के रूप में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक ली। बैठक के बाद विस्तारक ने कार्यकर्ताओं से वन टू वन मिलकर आगामी विधानसभा चुनाव की स्थिति को लेकर फीडबैक भी लिया। जिसमें कई नेताओं ने टिकट बदलने की बात कही।



अभी विधानसभा चुनाव होने में लगभग तीन माह का समय शेष है, लेकिन सत्ताधारी पार्टी ने अभी से विधानसभा के प्रत्याशी घोषित कर तैयारी शुरू कर दी है। जिसके तहत भाजपा केंद्रीय एवं प्रदेश संगठन के द्वारा प्रदेश की सभी 230 विधानसभा सीटों पर उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, बिहार के पिछले कई बार से चुनाव जीतने, सगठन एवं नेतृत्व में कुशल विधायकों की ड्यूटी लगाई गई है। ये विधायक उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात और महाराष्ट्र के हैं, जो अपने क्षेत्र में चुनावी जीत की रणनीति में माहिर माने जाते हैं। हर एक विधायक को मप्र की एक सीट का जिम्मा दिया गया है। ये विधायक हर विधानसभा सीट से दावेदारों का पैनल तैयार कर केंद्रीय नेतृत्व को रिपोर्ट सौपेंगे। जिसके तहत रविवार की शाम महाराजपुर विधानसभा के प्रभारी विधायक प्रेम पाल सिंह धंगर नौगांव शहर में स्थित सर्किट हाउस पहुंचे। जहां पर विधायक प्रेम पाल सिंह ने पहले तो सभी कार्यकर्ताओं की सामूहिक रूप से बैठक लेते हुए आगामी 7 दिवस के अपने प्रवास एवं कार्यक्रमों के बारे में साथ ही पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारी एवं कार्यों के बारे में बताया। बैठक के बाद उन्होंने कार्यकर्ताओं एवं नेताओं से बंद कमरे में वन टू वन चर्चा की गई। जिसमें पूर्व विधायक पुष्पेंद्र नाथ पाठक, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश पाठक, नपा अध्यक्ष अनूप तिवारी, हरपालपुर नपा अध्यक्ष अमित अग्रवाल, लोकेंद्र सिंह, संतोष दीक्षित, सूरज देव मिश्रा, राजेंद्र दीक्षित, रवि रिछारिया, दीपक दीक्षित, मानिक चौरसिया, मानवेंद्र सिंह मानू, जयसिंह परमार, कुलदीप तोमर,अवनेंद्र पटैरिया, धीरेंद्र शिवहरे, धीरेंद्र नायक सहित कई कार्यकर्ता एवं नेताओं से वन टू वन चर्चा की गई।

सूत्रों के मुताबिक बंद कमरे में हुई चर्चा के दौरान भाजपा नेताओं ने प्रत्याशी बनाए गए कामाख्या प्रताप सिंह का विरोध दर्ज कराया। पार्टी नेताओं ने मांग की यदि पार्टी ने कामाख्या सिंह की जगह किसी अन्य को टिकट नहीं दिया तो पिछली बार की तरह पार्टी को पराजय का मुंह देखना पड़ेगा।

## ट्रक से टकराई बाइक, 2 युवक घायल



**छतरपुर, देशबन्धु।** बीती शाम बाईक से जा रहे दो युवक एक ट्रक से टकराकर घायल हो गए, दोनों घायलों को जिला अस्पताल लाया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। घायल रवि कुशवाहा उम्र 22 वर्ष निवासी बड़ेरा पुरवा थाना गढ़ीमलहरा ने बताया कि वह अपने साथी कमलेश कुशवाहा उम्र 20 वर्ष निवासी खौंप के साथ बीती शाम करीब 7 बजे बाईक पर सवार होकर अपने घर जा रहा था तभी रास्ते में उसकी बाईक अनियंत्रित होकर एक ट्रक से टकरा गई।

दुर्घटना में कमलेश और रवि दोनों घायल हो गए थे, दोनों को स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज किया जा रहा है।

### गर्भवती महिलाओं को बांटा पोषण आहार



**खजुराहो, देशबन्धु।** स्वामी विवेकानंद सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा रविवार को उदयपुरा में गर्भवती महिलाओं की जांच एवं उपचार हेतु शिविर लगाया गया। शिविर में 65 से अधिक गर्भवती माताएं उपस्थित रही जिनका प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की सीएचओ राजकुमारी पटेल एवं डॉ. रितिका ठाकुर ने परीक्षण किया। इसके साथ महिलाओं को स्वामी विवेकानंद सोसायटी द्वारा पौष्टिक आहार काजू, मूंगफली, मूंग की दाल इत्यादि का निशुल्क वितरण भी किया गया। समिति के संचालक हरगोविंद पांडे ने बताया कि पिछले 1 वर्ष से संस्था महिलाओं में कुपोषण को कम करने लिए काम कर रही है। शिविर में समाजसेवी सुनील पांडे, सृजन संस्था के कोऑर्डिनेटर संजय चौबे, अलखराम दुबे आदि उपस्थित रहे।

### मजदूर ने किया डाई का सेवन



**छतरपुर, देशबन्धु।** बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम बरेठी में एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते डाई का सेवन कर लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। युवक के परिजन उसे जिला अस्पताल लाए हैं, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। डाई का सेवन करने वाले युवक नारायणदास की पत्नी राजकुमारी ने बताया कि बीती शाम नारायणदास मजदूरी करके घर लौटा था और इसके बाद उसने किसी को कुछ बताए बगैन डाई का सेवन कर लिया। जब घर के लोगों को इस बारे में जानकारी मिली तब उसे अस्पताल लाया गया।

## घासीराम की कावंड़ यात्रा में उमड़ा जन सैलाब



**लवकुशनगर, देशबन्धु।** राजनगर विधानसभा क्षेत्र के दिग्गज नेता घासीराम पटेल की आगुवानी में दो दिवसीय कावंड़ यात्रा का शुभारंभ हुआ यात्रा महोबा रोड बुगरा बब्बा जू के मंदिर से सुरु हुई हरद्वार लवकुशनगर संजय नगर डुमरा होते हुए डहर्रा गांव पहुची जहां पर रात्रि विश्राम होगा 21 अगस्त की सुबह यात्रा फिर यात्रा शुरू होगी और शाम खजुराहो के मतंगेश्वर मंदिर पहुचेगी जहां पर भगवान मतंगेश्वर की पूजा अर्चना जल चढ़ाकर यात्रा का समापन होगा।

यात्रा में क्षेत्र के लोगो का जन सैलाब उमड़ा हजारों भगवान भोलेशंकर के भक्त यात्रा में शामिल हुए और घासीराम पटेल के साथ पैदल चले। लवकुशनगर में यात्रा का जगह जगह फूल वर्षाकर स्वागत किया। यात्रा में क्षेत्र की जनता के साथ साथ भाजपा के दिग्गज नेता भी शामिल हुए उनमें उपमा त्रिपाठी, अप्पू राजा, अनुरुद्ध सिंह, मयंका गौतम योगेंद्र प्रताप सिंह उर्फ बाबू राम सिंह, रुद्र पटेल सहित नेता औ समाज सेवी मौजूद रहे। यात्रा के सबन्ध में घासीराम पटेल ने बताया की यात्रा का राजनीति से कोई सम्बन्ध नही है क्षेत्र की सुख समृद्धि औ अच्छी बारिश की कामना को लेकर निकाली गई है। लवकुशनगर अंजुमन इस्लामिक कमेटी के सदर जावेद खान ने भी मुस्लिम भाइयों के स्वगत किया।

### निर्भीक होकर मतदान करने किया प्रेरित



**घुवारा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश मे आगामी कुछ ही महीने बाद विधानसभा चुनाव होने बाले है जिसके चलते चुनाव निर्वाचन अधिकारी व जिला कलेक्टर संदीप जी आर द्वारा समस्त एसडीएम व तहसीलदारो को आदेशित करते हुये समस्त मतदान केन्द्रो व गांवो मे जनता के बीच जाकर मतदान का महत्त्व बताने वसंवाद करने के लिए आदेशित किया है उसी क्रम मे घुवारा तहसीलदार ऋतु सिघंई व भंगवा थाना प्रभारी रूपनारायण पटैरिया ने भंगवा सर्कल के ग्राम सतपारा, पुरापट्टी मे जाकर बृक्ष चौपाल लगाकर लोगो से मतदान संबधी चर्चा की साथ ही तहसीलदार ऋतु सिंघई ने लोगो से चर्चा करते हुये कहां कि हमारा देश लोकतंत्र से जुडा है और इस लोकतंत्र मे हमारे मत का बहुत बडामहत्व है इसलिए सभी अपने मत का निर्भीक होकर उपयोग करते हुये वोट डाले वही दूसरी और कई गाँवो मे संसंवेदनशील मतदान केन्द्रो का जायजा लिया।

### सीएम राईज स्कूलः कौशल निखारने पर दिया जा रहा ध्यान : शर्मा

**छतरपुर, देशबन्धु।** विश्व स्तरीय शैक्षणिक व्यवस्था बनाने के उद्देश्य से प्रदेश में सीएम राइज स्कूलों को स्थापित किया जा रहा है। सरकार की मंशा अनुरूप जिला मुख्यालय पर स्थित सीएम राईज में न केवल शैक्षणिक गतिविधियां बेहतर की जा रही है बल्कि सह शैक्षिक गतिविधियों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विद्यार्थियों के अन्य कौशलों को निखारने के इंतजाम किए गए हैं। 15 समितियां गठित कर कार्य योजना को अमलीजामा पहनाया जा रहा है।



शहर के पन्ना रोड छत्रसाल नगर में स्थित सीएम राइज हायर सेकेंडरी स्कूल के उपप्राचार्य आरके शर्मा ने बताया कि विद्यालय में शैक्षणिक व सह शैक्षणिक गतिविधियों को कराया जा रहा है। 21वीं सदी के कौशलों के लिए विद्यार्थियों को तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गायन, वादन, नृत्य, मनोविज्ञान, खेल, पुस्तकालय जाने की नियमित आदत, लैब गतिविधि सहित अन्य विधाओं को निखारने के प्रयास किया जा रहे हैं। विद्यार्थियों के संपूर्ण विकास की कार्य योजना बनी है। 15 समितियां इस कार्य योजना को मूर्त रूप देने में लगी है। विद्यार्थियों के अभिभावकों से सतत संपर्क एवं उन्हें विद्यालय में आमंत्रित किया जा रहा है ताकि उनके सुझावों को भी गतिविधियों से जोड़ा जाए। गत वर्ष का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।

## प्राचार्य को कलेक्टर ने किया सम्मानित

**घुवारा, देशबन्धु।** आज के समय अधिकांश शासकीय संस्थाओ में अव्यवस्था देखने को मिलती है क्योकि अधिकांश कर्मचारी कार्यरत संस्था को केबल अपनी नौकरी की दृष्टि से देखते है लेकिन जो कर्मचारी अपनी सस्थां को कर्मभूमि बनाकर कार्य करते है वो हमेशा सम्मान के हकदार होते है और उन्हे सम्मान भी प्राप्त होता है। तो आज हम एक ऐसी संस्था की बात करते है जहां के मुखिया व स्टाप की सकारात्मक सोच से संस्था परिसर को हरी भरी बागबानी मे तब्दील कर दिया जिससे उस संस्था के सामने से निकलने वाले राहगीर भी तारीफ करते है।



आपको बता दे कि घुवारा नगर के टीकमगढ सागर हाईवे पर स्थित शासकीय कन्या उच्यतर माध्यमिक स्कूल स्थित है जिसमे कक्षा 9वी से 12वी में करीब 1 हजार छात्राएं अध्यरनत है जो बिगत कई बर्षो से किले के पीछे पहाडी पर बने माध्यमिक कन्या की बिल्डिंग मे अव्यवस्थाओ के बीच स्संचालित हो रहा था लेकिन स्कूल के प्राचार्य बीएल प्रजापति ने छात्राओ को होने बाली परेशानी से विभाग के वरिष्ट अधिकारी व प्रशासनिक अधिकारियो को अवगत कराया प्रशासन के द्धारा बच्चियो की परेशानी को देखते हुये वर्ष 2019 मे टीकमगढ सागर रोड पर नवीन आधुनिक मोडल की बिल्डिग तैयार करके विद्यालय को सौप दी। नवीन विल्डिंग पाकर शिक्षको मे एक सकारात्मक सोच पैदा हुई।

**15 अगस्त पर कलेक्टर द्धारा प्राचार्य को किया सम्मानित :** प्राचार्य बी एल प्रजापति ने अपने विद्यालय को वास्तव में ऊंचाइयों तक पहुंचाने का हर सम्भव प्रयास किया। जिससे विद्यालय का माध्यमिक शिक्षा मण्डल का परीक्षा परिणाम, खेलकूद गतिविधि, पर्यावरणीय गतिविधि, जागरुकता अभियान गतिविधि एवं लोकशिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा अयोजित गतिविधि आदि में विकासखण्ड, जिला में ही नहीं अपितु राज्य स्तर तक उत्कृष्ट रहा। जिसके चलते स्वतंत्रता दिवस के पावन पुनीत अवसर पर प्रभारी प्राचार्य बी एल प्रजापति को माननीय संदीप जी आर कलेक्टर द्वारा बाबूराम चतुर्वेदी स्टेडियम छतरपुर में सम्मानित किया गया।

## भंडारे के साथ अखंड कीर्तन का हुआ समापन



*__लवकुशनगर, देशबन्धु।__ नगर की सिद्ध पीठ माता बम्बरवेनी मंदिर परिसर में पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में एक माह तक चली संगीत मय अखंड राम धुन के समापन रविवार को विशाल कन्या भोज एवं भंडारा आयोजित हुआ! सुबह से रात तक चले भंडारा में करीब एक लाख श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया!*

*रविवार सुबह कन्या पूजन और कन्या भोज शुरू हुआ! आयोजन समिति ने पहले कन्याओं का पूजन किया और उन्हें प्रसाद ग्रहण कराया! सुबह से विशाल भंडारा शुरू अनवरत रूप से रात 1 तक चला! भंडारा में प्रसाद ग्रहण करने के लिए अपार जन समुदाय उपस्थित हुआ! आयोजन समिति के आंकड़ों के अनुसार करीब एक लाख श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया!*

*भंडारा का आयोजन में नगर के हलवाईयों और कारीगरों ने उत्साह के साथ निशुल्क सेवा दी! पूरे जोश और उत्साह के साथ प्रसाद निर्माण में सहयोग प्रदान किया!*

*पुरुषोत्तम मास में हर बार की तरह इस बार भी माता बंबर बेनी मंदिर परिसर में एक माह की संगीत में अखंड राम धुन संकीर्तन का आयोजन किया गया! इसके साथ ही 1 माह तक विधि विधान से पार्थिव शिवलिंग का निर्माण भी अनवरत रूप से चला! अखंड राम धुन का शुभारंभ 18 जुलाई को हुआ! 16 अगस्त को पार्थिव शिवलिंग निर्माण का समापन हुआ और अगले दिन 17 अगस्त को पूर्ण आहुति दी गई! वही 19 अगस्त को अखंड राम धुन का समापन हुआ! अगले दिन रविवार को विशाल भंडारा आयोजित किया गया!*

*इस आयोजन की सफलता के लिए आयोजन समिति सेवा समिति ने सभी के सहयोग के लिए आभार ज्ञापित किया है!*

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**भाजपा सरकार ने मप्र को....** बिजली और पानी की समस्या दूर हुई, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सुशासन और विकास के सभी मापदंडों पर प्रदेश को आगे बढ़ाया। प्रदेश की जनता ने भी दिल खोलकर वोट दिये। 2019 में 29 में से 28 सीटें भाजपा को दीं और 2024 में जो एक सीट की कमी रह गई है, वो भी जनता पूरी कर देगी। उन्होंने कहा कि आने वाला चुनाव प्रदेश को विकसित और सर्वोच्च राज्य बनाने तथा गरीबी से संपूर्ण मुक्ति दिलाने वाला चुनाव है और मुझे पूरा विश्वास है कि प्रदेश की 9 करोड़ जनता का आशीर्वाद हमें मिलेगा।

**14 करोड़ लोग गरीबी रेखा....** मध्यप्रदेश को भी मिला। बंटाढार सरकार ने राज्य के बजट को 23000 करोड़ पर छोड़ दिया था, जिसे शिवराज की सरकार ने 3.14 लाख करोड़ तक पहुंचाया है। बंटाढार के समय शिक्षा का बजट 2456 करोड़ था, जिसे 38000 करोड़ तक पहुंचाया। स्वास्थ्य का बजट 580 करोड़ था, जिसे 16 हजार करोड़ तथा सर्व शिक्षा अभियान का बजट जो 844 करोड़ था, उसे 66 हजार करोड़ तक पहुंचाया। मि. बंटाढार और कमलनाथ को यह बताना चाहिए कि प्रदेश की आबादी का बड़ा हिस्सा एससी, एसटी और ओबीसी का है, इनके बजट को क्यों 1056 करोड़ पर छोड़ दिया था? भाजपा सरकार ने इसे 64390 करोड़ तक पहुंचाया। प्रति व्यक्ति आय 11700 से बढ़कर 1.40 लाख रुपये हो गई। बंटाढार सरकार के समय प्रदेश की सड़कें बदनाम थीं, भाजपा की सरकार ने 5.10 लाख कि.मी. अच्छी क्वालिटी की सड़कें बनाईं और राष्ट्रीय राजमार्ग जो सिर्फ 4800 किलोमीटर थे, उन्हें 13000 किलोमीटर तक पहुंचाया।

**अब संपूर्ण विकास पर....** ही मोदी सरकार ने प्रदेश के 80 लाख घरों में शौचालय बनाए हैं, तो 1.2 करोड़ प्रधानमंत्री अन्न योजना के कॉर्ड बनाए हैं। 10.87 लाख गैस सिलेंडर बांटे गए हैं। 42 लाख प्रधानमंत्री आवास बनाए गए हैं। 4000 कि.मी. नए राजमार्ग बनाए जा रहे हैं। रीवा, ग्वालियर और जबलपुर एयरपोर्ट का विकास हो रहा है, 35 रेल्वे स्टेशन विश्वस्तरीय बनाए जा रहे हैं। प्रदेश की विकास दर 16 प्रतिशत हो गई है और सिंचाई क्षमता 47 लाख हेक्टेयर पर पहुंच गई है। प्रदेश की 46 लाख बेटियां लाडली लक्ष्मी बन चुकी हैं। प्रदेश में 24 मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं और मेडिकल, इंजीनियरिंग तथा पॉलीटेक्निक की पढ़ाई हिंदी में शुरू कराई जा रही है। भोपाल और इंदौर शहरों में मेट्रो रेल का काम तेजी से चल रहा है। ओंकारेश्वर में 2400 करोड़ की लागत से आदि शंकराचार्य अद्वैत स्मारक बनाया जा रहा है, तो उज्जैन में महाकाल महालोक बनकर तैयार हो चुका है। श्री शाह ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ने आदिवासियों को उनके अधिकार देने के लिए पेसा एक्ट लागू किया है तथा जनजातीय इतिहास को संजोने के लिए संग्रहालय बनाए जा रहे हैं। जनजातीय क्रांतिवीरों और जननायकों की स्मृतियों को संजोने के लिए रेलवे स्टेशनों के नाम उनके नाम पर रखे जा रहे हैं।

**मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने....** 4.8 प्रतिशत हो गया है। हमने प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाया है और सिंचाई के क्षेत्र में तो चमत्कार हो गया है। श्री चौहान ने कहा कि 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद प्रदेश की प्रगति को नई दिशा और गति मिली है। डबल इंजन वाली सरकार ने विकास के नए प्रतिमान गढ़ दिए हैं। पहले जहां एक पंचायत को गिनती के ही आवास मिला करते थे, वहीं अब हर पंचायत औसत 122–23 प्रधानमंत्री आवास मिल रहे हैं। महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में प्रदेश में अभूतपूर्व काम हुआ है। प्रदेश की विकास दर 16 प्रतिशत से ऊपर है, लेकिन हम इससे संतुष्ट नहीं हैं। श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को 2047 तक देश को दुनिया को सबसे समृद्ध, गौरवशाली, वैभवशाली और शक्तिशाली राष्ट्र बनाने तथा देश को पांच ट्रिलियन इकॉनॉमी बनाने का संकल्प लिया है। इसे पूरा करने में मध्यप्रदेश कोई कसर नहीं छोड़ेगा और हमने भी इसमें भागीदारी करते हुए प्रदेश को 550 बिलियन की इकॉनॉमी बनाने का लक्ष्य तय किया है।

**विकास के रास्ते पर आगे....** आभार जताता हूं। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार देश और प्रदेश को लगातार विकास के रास्ते पर आगे बढ़ा रही है और यह हमारा सौभाग्य है कि हमारे पास ऐसी सशक्त सरकार है, जो अपने निर्णयों को लागू करने में सक्षम है।

**कांग्रेस में हिम्मत है तो....** 53 सालों में उनकी सरकारों ने प्रदेश के लिए क्या किया? क्यों प्रदेश की जनता के साथ अन्याय किया? क्यों मध्यप्रदेश का काफिला लूटा? श्री शाह ने कहा कि बंटाढार और कमलनाथ की उस सरकार ने भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई गरीब कल्याण की सारी योजनाएं बंद कर दीं थी और गरीब कल्याण अभियान को अपाहिज बना दिया था। उस सरकार ने सहरिया, भारिया और बैगा बहनों को मिलने वाला पोषण अनुदान बंद कर दिया था।

**चीन की सेना लद्दाख में....** कांग्रेस नेता ने आगे कहा, सभी लोग कह रहे हैं कि बेरोजगारी और महंगाई है। अपनी भारत जोड़ो यात्रा का जिक्र करते हुए गांधी ने कहा, भारत जोड़ो यात्रा के दौरान, मुझे लद्दाख आना था, लेकिन कुछ कारणों से मैं यहां नहीं आ सका। इसलिए, मैं उनकी परेशानियों को सुनने के लिए यहां आया हूं। कांग्रेस सांसद ने तमिलनाडु के कन्याकुमारी से जम्मू–कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा निकाली थी। पार्टी ने कहा कि यात्रा उसके सबसे निर्णायक जन संपर्क कार्यक्रमों में से एक थी।

**सोनिया, राहुल, प्रियंका शालिम, थरूर....** सचिन राव, मनीष चैतरथ तथा देवेंद्र यादव को शामिल किया गया है। विशेष आमंत्रित सदस्यों में पल्लमराजू, पवन कुमार खेड़ा, गणेश गोदियाल, के सुरेश, यशोमती ठाकुर, सुप्रिया श्रीनेत, प्रणीति शिंदे, अलका लांबा और वी चंद रेड्डी को स्थाई आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। पार्टी ने अपने चारों संगठनों युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास वीबी, एनएसयूआई के अध्यक्ष नीरज कुंदन, महिला कांग्रेस की प्रमुख नित्ता डिसूजा तथा सेवा दल के प्रमुख लालजी देसाई को समिति का पदेन सदस्य बनाया है।

सागर, सोमवार 21 अगस्त 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# शिक्षा से खौफ़ज़दा सरकार

21वीं सदी में इससे अधिक कुछ भी हास्यास्पद और दुखद एक साथ नहीं हो सकता कि किसी को यह कहने के लिये नौकरी से निकाल दिया जाये कि 'शिक्षित जनप्रतिनिधियों को वोट देना चाहिये।' ओपन प्लेटफॉर्म पर कार्यरत एडटेक कंपनी अनएकेडमी ने अपने उस टीचर को बर्खास्त कर दिया है, जिसने अपनी एक क्लास के दौरान चुनावों में पढ़े-लिखे उम्मीदवारों को वोट देने की सलाह दी थी। करण सांगवान नामक इस टीचर को बर्खास्त करने की पुष्टि करते हुए अनएकेडमी के को-फाउंडर रोमन सैनी ने ट्वीट कर लिखा कि 'सांगवान ने कंपनी की आचार संहिता को तोड़ा है इसलिए उन्हें हटाना पड़ा है।' माना जाता है कि सांगवान को केन्द्र सरकार की कथित नाराजगी के बाद नौकरी से हटाया गया है। अपने वीडियो में पढ़े-लिखे नेताओं को वोट देने की अपील के बाद करण सांगवान सोशल मीडिया के सभी माध्यमों पर जबर्दस्त ट्रेंड करने लगे थे। वैसे तो शिक्षित व्यक्ति को वोट देने की अपील से किसी को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिये क्योंकि इसमें तो कोई शक ही नहीं कि कुछ अपवादों को छोड़ दिया जाये तो अशिक्षित व्यक्ति के मुकाबले पढ़ा-लिखा व्यक्ति किसी भी क्षेत्र में समाज के लिये उपयोगी होता है। वैसे सांगवान का मामला यह साबित करने के लिये पर्याप्त है कि वर्तमान सरकार ने एक ऐसे भारत का निर्माण कर दिया है जिसमें साक्षरता को अवगुण की तरह लिया जा रहा है जबकि दुनिया भर में उच्च शिक्षा के प्रति रुझान बढ़ रहा है। देश में बढ़ती विवेकहीनता, अतार्किकता और अवैज्ञानिकता का कारण इस अकेले दृष्टांत से भी समझा जा सकता है।

सांगवान की बर्खास्तगी का कारण इसलिये सरकार की नाराजगी को माना जा रहा है क्योंकि स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शैक्षणिक योग्यता पर अक्सर सवाल उठते हैं। भारतीय जनता पार्टी के कुछ और भी नेता व मंत्री भी ऐसे हैं जिनकी शैक्षणिक योग्यता पर संदेह व्यक्त किया जाता है। सांगवान की बर्खास्तगी राजनैतिक व सामाजिक हलकों में मज़ाक का विषय बन गया है। लोगों को लग रहा है कि सांगवान की विद्यार्थियों को दी गई सलाह इसलिये भाजपा को बुरी लग गई क्योंकि उसे लगता है कि यह उसके ही खिलाफ कहा गया है। कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा ने तो बाकायदे प्रेस कांफ्रेंस बुलाकर कहा कि 'आखिर यह बात (सांगवान की) सिर्फ भाजपा को ही क्यों बुरी लगी जबकि अन्य किसी को भी इससे आपत्ति नहीं हुई।' आपत्ति का कोई कारण भी नहीं बनता क्योंकि स्वस्थ व मजबूत लोकतंत्र का आधार ही गुणवत्तापूर्ण जनप्रतिनिधियों का चुनाव है। कार्टून तो इस आशय के भी तैर रहे हैं कि 'आज पढ़े-लिखों को चुनने की बात हो रही है। कल को यदि ईमानदार लोगों को चुनने की मांग होने लगे तो मुश्किल हो जायेगी।' दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी सांगवान की बात को जायज बतलाया है। इसे कोई गलत कह भी नहीं सकता। सम्भवत: इस सरकार के द्वारा जिस प्रकार से विश्वविद्यालयों ही नहीं समस्त तरह की शिक्षाओं, विवेक और ज्ञान के खिलाफ वातावरण बनाया गया है यह उसी का परिणाम कहा जा सकता है। पिछले कुछ समय से बताया जा रहा है कि पढ़ना-लिखना व्यर्थ है। समाज का काम इसके बिना भी बखूबी चल सकता है। ऐसी अवधारणा विकसित करने का फायदा यह होता है कि सरकार शिक्षा के विकास पर मेहनत और खर्च करने से बच जाती है। शिक्षा को एक अनुपयोगी काम बतला देने से सरकार और गैर अलोकतांत्रिक व निरंकुश राजनैतिक दलों-नेताओं को कई लाभ होते हैं। सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि अशिक्षित लोगों की भीड़ निर्मित कर उन्हें मनचाही दिशा में हांका जा सकता है और किसी भी तरह के विचारों से उन्हें बरगलाया जा सकता है। आज सड़कों पर हिंसा व नफ़रत से भरे नौजवानों के जो हुजूम देखे जा रहे हैं वे शिक्षा से विरक्त जनसमुदाय ही हैं। यह दीगर बात है कि शिक्षा को व्यर्थ बतलाने वाले नेता स्वयं अपने बच्चों को खूब पढ़ाने-लिखाने में रुचि रखते हैं। उनके बच्चे देश-विदेश के अच्छे संस्थानों से पढ़-लिखकर निकलते हैं।

जनप्रतिनिधियों का पढ़ा-लिखा होना बेमतलब साबित करने वाले माहौल में ही योग्य नेताओं (जवाहरलाल नेहरू से लेकर नरसिम्हा राव और मनमोहन सिंह तक) के बारे में यह कहना लोगों को प्रभावित करता है कि उच्च शिक्षण का कोई फायदा नहीं है। 'हार्वर्ड बनाम हार्ड वर्क' का यह सिद्धांत दिया जाता है कि देश का भला उच्च शिक्षा से नहीं वरन कड़ी मेहनत से होगा। यह अलग बात है कि गुणवत्तापूर्ण अध्ययन के लिये विख्यात संस्थानों में दाखिला लेना और उनमें विद्यार्जन करना किसी भी तरह से कम मेहनत का काम नहीं है। दूसरी तरफ, आज के वातावरण में अकेली मेहनत काम की नहीं जब तक कि व्यक्ति कुशाग्र बुद्धि व शिक्षित न हो।

सांगवान से मोदी सरकार की नाराज़गी का कारण यही हो सकता है कि उन्हीं के कार्यकाल के दौरान भारतीय समाज में ज्ञान का तिरस्कार और उसके प्रति घृणा फैलाने का काम हुआ है। देश के अच्छे विश्वविद्यालयों पर बमबारी करने की सलाह देना, वहां के स्वतंत्र चेता व सरकार विरोधी छात्रों को टुकड़े-टुकड़े गैंग बतलाकर उन्हें देश विरोधियों की शरणस्थली बतलाना आदि इसी वैचारिक प्रक्रिया का हिस्सा है। अज्ञानता और विवेकहीनता पर गर्व की भावना शिक्षा के प्रति गहन अरुचि का परिणाम है जो थाली-ताली पीटने को महामारी उन्मूलन का उपाय मानने और देश की आजादी को 99 वर्षों की लीज़ पर बतलाने में संकोच नहीं करती। बाकी, विश्व गुरु बनने की चाहत तो अपनी जगह पर बनी हुई है ही।

# जातिगत जनगणना ही करेगी हिन्दू- मुसलमान राजनीति का मुकाबला!

जातिगत जनगणना एक ऐसा मुद्दा है जिससे भाजपा सबसे ज्यादा घबराई हुई है। कांग्रेस और दूसरे विपक्षी दल एक बार इसकी मांग उठाने के बाद फिर चुप हो गए हैं। इसकी शुरूआत राहुल गांधी ने कर्नाटक चुनाव में की थी। और देश में एक माहौल बना और राजनीतिक रूप से कर्नाटक में कांग्रेस को फायदा हुआ वह जीती। लेकिन उसके बाद कांग्रेस इसे भूल गई है। राजस्थान में कांग्रेस सरकार ने कहा कि वह जातिगत जनगणना करवाएगी मगर अभी तक उसकी कोई शुरूआत नहीं की है।

कांग्रेस को और नए बने विपक्षी गठबंधन इंडिया को समझ लेना चाहिए कि किसी मुद्दे को आधे अधूरे मन से उठाने से कोई फायदा नहीं होता है। उल्टे नुकसान की संभावनाएं ज्यादा रहती हैं। क्योंकि विरोधी तो आपके खिलाफ हो ही जाते हैं। लेकिन उससे सहमत लोग आपकी दुविधा की वजह से पूरी तरह आपके साथ नहीं आते हैं।

31 अगस्त और एक सितम्बर को मुबंई में होने वाली 26 विपक्षी दलों की तीसरी बैठक में संयोजक का चुनाव और 11 सदस्यीय संचालन समिति की घोषणा का तो एक औपचारिक महत्व है। असली बात वह माहौल बनाना है जिससे जनता हिन्दू-मुसलमान के जाल से निकलकर बाहर आए। पिछले 9 साल में जो हिन्दू-मुसलमान का नशा करवाया गया है उसका तोड़ जातिगत जनगणना ही है। कमंडल का जवाब मंडल की तरह।

मुबंई में अगर इंडिया ने जातिगणना जनगणना का मुद्दा उठा दिया और सरकार बनने की दशा में इसका आदेश सबसे पहले निकालने की घोषणा कर दी तो फिर भाजपा का कोई हिन्दू-मुस्लिम अजेंडा नहीं चल पाएगा। सीधा प्रस्ताव पास करना है कि इंडिया की सरकार बनने पर कैबिनेट की पहली बैठक में जातिगत जनगणना करवाने का आदेश पारित किया जाएगा।

देखिए इस प्रस्ताव के पास होते ही कैसे माहौल बदलता है। साम्प्रदायिकता का सारा नशा काफूर हो जाएगा। पिछड़े दलित आदिवासी को जैसे ही अपने अधिकार मालूम होंगे वह अपने और अपने बच्चों के भविष्य के लिए खड़ा हो जाएगा। आज तो उसे बेरोजगारी, महंगाई, सरकारी शिक्षा, सरकारी चिकित्सा खत्म होने का कोई अहसास ही नहीं है। वह तो नफरत की आग में जल रहा है। मणिपुर इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। नफरत और विभाजन की आग जलते साढ़े तीन महीने हो गए। प्रधानमंत्री नहीं गए तो नहीं गए।

आग कैसे बुझेगी? इस पर कोई बात नहीं। मीडिया तो पूछ भी नहीं सकता है। एक परम गोदी एंकर ने टमाटर पर ही पूछ लिया तो उसे जेल की याद दिला दी गई। माहौल ऐसा है कि सारे सवाल राहुल के लिए ही हैं। झूठे, महाझूठे सब। लोकसभा के सारे कैमरे खंगाल लिए मगर उस फ्लाइंग किस का कोई फ्लाइंग हिस्सा भी नहीं मिला। क्या आरोप लगाने वाली मंत्री पर कोई कार्रवाई नहीं होना चाहिए। उसी प्रोग्राम में जिसमें टमाटर के भाव और जेल की यादें दिलाई गईं फ्लाइंग किस का मुद्दा फिर उठा। मंत्री ने यह कहकर बचाव किया कि पत्र मैंने नहीं लिखा। मगर लोकसभा में बोला तो उन्होंने ही था। फिर साबित करने की जिम्मेदारी भी उन्हीं की है। और सदन के बाहर टीवी प्रोग्राम में उस आरोप को फिर से दोहराया ही।

मजेदार है टीवी गाली भी खा रहा है और प्रचार भी उनका ही कर रहा है। हिन्दू-मुसलमान का भरपूर जहर इसी एंकर ने फैलाया और उसी को जेल की याद दिलाई जा रही है।

खैर यह मीडिया तो आखिरी आखिरी तक अपनी वफादरी निभाएगा। इसका इलाज तो जनता ही करेगी। जब हिन्दू-मुसलमान की तरह जातिगत जनगणना को भी यह गलत तरीके से पेश करेगा तो उससे जब पिछड़े का नुकसान होगा तो वह सीधे इस मीडिया से बात करेगा। बिहार में यह मीडिया उस तरह उपद्रव नहीं कर पाता है जिस तरह शेष हिन्दी प्रदेशों में कर रहा है। वहां तमिलनाडु की एक गलत खबर दिखाने पर बिहार सरकार और तमिलनाडु सरकार ने एक पत्रकार पर जिस तरह कड़ी कार्रवाई की उससे पूरे बिहार में सही संदेश गया कि झूठी खबर दिखाने का नतीजा बहुत बुरा होगा।

बिहार अभी भी कई मामलों में लीड कर रहा है। इस तरह से झूठी खबरों के खिलाफ तो कर ही रहा है। जातिगत जनगणना में भी उसी ने पहल की थी। हाईकोर्ट से रोक लगी मगर फिर नीतीश कुमार और तेजस्वी की सरकार ने उसके खिलाफ लड़ कर उसे हटवाया और जातिगत जनगणना का काम फिर शुरू हो गया।

बिहार की तरह ही हिन्दी भाषी क्षेत्र के दूसरे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में भी इसकी मांग तेज हो गई है। मगर वहां की भाजपा सरकार ने इसे करवाने से मना कर दिया। अब वहां की दो बड़ी पार्टियों सपा और बसपा को देखना है कि अगर वे इस मांग को जोरदार तरीके से नहीं उठाते हैं तो उनके पिछड़े और दलित समर्थकों पर क्या प्रभाव पड़ता है। क्या यूपी का ओबीसी नहीं चाहता कि सरकारी क्षेत्रों में उसे अपनी आबादी के हिसाब से हिस्सेदारी मिले? दलित नहीं चाहता कि उसका आरक्षण जो लगातार कम किया जा रहा है वह वापस पूरा मिले और निजी क्षेत्र में उसे आरक्षण दिया जाए। बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने खुलकर प्राइवेट सेक्टर में आरक्षण की मांग की है। जबकि सार्वजनिक क्षेत्रों में तो हालत यह है कि एक तो उन्हें खत्म ही किया जा रहा है दूसरे जो हैं वहां आरक्षण वाले पद भरे ही नहीं जा रहे हैं। केन्द्र और राज्य सरकारों का भी यही हाल है। अकेले रेल्वे में ही तीन लाख से ज्यादा पद खाली पड़े हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का कहना है कि सरकारी विभागों में तीस लाख से ज्यादा पद खाली हैं।


शकील अख्तर

बिहार अभी भी कई मामलों में लीड कर रहा है। इस तरह से झूठी खबरों के खिलाफ तो कर ही रहा है। जातिगत जनगणना में भी उसी ने पहल की थी। हाईकोर्ट से रोक लगी मगर फिर नीतीश कुमार और तेजस्वी की सरकार ने उसके खिलाफ लड़ कर उसे हटवाया और जातिगत जनगणना का काम फिर शुरू हो गया।

मगर अब यह कोई मुद्दा ही नहीं रहा। जब सेना में ठेके पर भर्ती होने लगे तो बाकी विभागों का तो महत्व ही क्या? इस बात को इस तरह समझ लीजिए कि अगर कांग्रेस या लालू प्रसाद यादव, ममता बनर्जी इस तरह का फैसला लेते तो क्या होता? सीधे-सीधे उन पर देश बेचने का आरोप लगा दिया जाता। मीडिया उनकी लींचिंग का माहौल तैयार कर देता।

राहुल ने इसी लिए एक सिम्पल नारा दिया था। जितनी आबादी उतना हक। देखन में छोटन लगे घाव करे गंभीर! अगर कांग्रेस और विपक्षी दलों का गठबंधन इंडिया इस नारे को ठीक से उठा ले तो हिन्दू-मुसलमान गुब्बारे की सारी हवा निकल जाएगी।

गरीब को अपना अधिकार क्यों नहीं चाहिए। अभी राहुल रामेश्वर के साथ मुलाकात में न्याय स्कीम की बात कर रहे थे। राहुल अगर 2024 में जीत जाएंगे तो इसे जरूर लागू करेंगे। हर गरीब को छह हजार रुपया महीना। 72 हजार रुपए साल का देना। मगर समस्या यह है कि राहुल के आसपास के लोग ही उन्हें काटने में लगे रहते हैं।

आपको एक आश्चर्यजनक बात बताएं। सबको मालूम है कि टीवी राहुल को नहीं दिखाता है। पूरी भारत जोड़ो यात्रा गायब कर दी। लेकिन कांग्रेस तो महान है। जब राहुल का रामेश्वर से मिलने का वीडियो आया तो उसे जिसने पूरा दिखाया उससे कांग्रेस कहने लगी कि आप अपने चैनल से इसे हटाओ। है ना आश्चर्य। और घोर आश्चर्य इसमें यह है कि उस वीडियो का पूरा लिंक राहुल ने खुद अपने ट्वीट में दिया था।

अब पार्टी में राहुल से बड़ा कौन है यह कांग्रेस ही जाने। राहुल का वीडियो दिखाने पर आपत्ति क्यों? इसका जवाब किसी के पास नहीं है। कांग्रेस किस तरह अपनी पार्टी चलाती है यह वह जाने! मगर अब राहुल पार्टी पॉलिटिक्स से ऊपर उठकर जनता के नेता बन गए हैं। कांग्रेस में जी-23 बनी थी। 23 वरिष्ठ नेताओं का गुट। जो राहुल को पार्टी से बाहर करना चाहता था। मगर राहुल को यात्रा से मिले भारी जन समर्थन से वह घबरा गया। चुप बैठ गया। मगर अब राहुल के नजदीक के लोग उनका कद कम करने में लग गए हैं। कांग्रेसी नेता को हमेशा अपने शिकंजे में रखना चाहते हैं। इन्दिरा गांधी नहीं रहीं। शुरू में उनके लिए भी बहुत कोशिश हुई। उन्हें पार्टी तोड़ना पड़ी। मगर राजीव, सोनिया पर कांग्रेसियों ने अपना कब्जा बना कर रखा। ऐसा ही राहुल पर चाहते हैं। अब यह राहुल पर है कि वे इन्दिरा बन कर खुद लोगों से मिलना जुलना शुरू करते हैं या राजीव और सोनिया की तरह कांग्रेसियों की आंख कान से ही सब देखते सुनते हैं।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार है )**

# चंद्रबाबू नायडू ने खो दी भाजपा से सौदेबाजी की ताकत

■ सुशील कुट्टी

तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख चंद्रबाबू नायडू की 2024 में राष्ट्रीय राजनीति में भूमिका है या नहीं, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि वह एनडीए में हैं या नहीं। नायडू इस बात पर जोर देते हैं कि उनकी एक भूमिका होगी और अगर टीडीपी के भाजपा के साथ हाथ मिलाने की बात सच है, तो उनकी एक निश्चित भूमिका हो सकती है।

चाहे जो हो, 2024 अभी भी बहुत आगे है, भले ही जिस गति से एक के बाद एक शुक्रवार बीते जा रहे हैं और भाजपा-तेदेपा गठबंधन जोर नहीं पकड़ रहा है, वह एक और कहानी बताता है। तथ्य यह है कि जब नरेंद्र मोदी खुद को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री घोषित कर चुके हैं तो नायडू की भूमिका क्या होगी।

चंद्रबाबू नायडू मोदी के लिए किसी भी अन्य राजनेता से अलग नहीं हैं। क्या कोई भी राजनेता यानी मोदी की पार्टी भाजपा सहित किसी भी पार्टी का कोई राजनेता, खड़ा होकर मोदी को याद दिला सकता है कि वह जब चाहें तब खुद को प्रधानमंत्री घोषित नहीं कर सकते। इसके बजाय, जो हम देखते हैं वह स्वीकृति है- पूर्ण स्वीकृति। फिर यहां चंद्रबाबू भी कह रहे हैं कि वह 2024 में अपनी भूमिका के बारे में 'स्पष्ट' हैं।

आंध्र प्रदेश अभी भी राज्य के विभाजन से उबर नहीं पाया है। जहां जगनमोहन रेड्डी नतीजे से खुश दिख रहे हैं, वहीं चंद्रबाबू नायडू अपने कंधों पर एक बड़ी जिम्मेदारी लेकर चल रहे हैं। नायडू 'अमरावती' को आंध्र प्रदेश की राजधानी बनाने पर अड़े हैं जबकि जगनमोहन रेड्डी विशाखापत्तनम को राजधानी बनाना चाहते हैं। यह एक कड़ा गतिरोध है। क्या भाजपा का कोई विचार है?

वैकल्पिक रूप से, तेदेपा को आंध्र प्रदेश विधानसभा जीतने का लक्ष्य रखना चाहिए, जिसके लिए चुनाव 2024 में भी निर्धारित हैं। नायडू सबसे ज्यादा खुश होंगे अगर वह वाईएसआरसीपी के जगन रेड्डी को हटा दें। मुख्यमंत्री रेड्डी आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री की कुर्सी से चिपके हुए हैं और आंध्र प्रदेश के एक समय के अति-शक्तिशाली मुख्यमंत्री चंद्रबाबू अब इसे बर्दाश्त नहीं कर सकते। चंद्रबाबू उस दिन का सपना देखता है जब तेदेपा आंध्र प्रदेश में सत्ता में लौटेगी और आंध्र प्रदेश के लिए उसने जो योजनाएं बनाई हैं वे सभी सच होंगी।

पिछले कई महीनों, हफ्तों और दिनों से भाजपा के तेदेपा से हाथ मिलाने की चर्चा चल रही है। प्रधानमंत्री की पार्टी ने अफवाहों को जीवित रखा है और तेदेपा के राजग में शामिल होने और वाईएसआरसीपी के लोकसभा और राज्यसभा में सहायक भूमिका के लिए समझौता करने की चर्चा जारी है। पिछली बार सुना था, नायडू अपने पद से डिगे नहीं थे। न तो जगन रेड्डी और न ही जेपी नड्डा। सभी लोग अपनी-अपनी बात पर अड़े रहे।

इतना ही नहीं, जब नायडू से उनकी योजनाओं के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'राजग में शामिल होने के बारे में बात करने का यह सही समय नहीं है। मैं इस बारे में सही समय पर बात करूंगा।' नायडू का 'सही समय' अतीत में है, जो उनके भविष्य के लिए अच्छा संकेत नहीं है।

चंद्रबाबू नायडू यह भी भूल जाते हैं कि वह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के संस्थापकों में से एक थे, जिसे केंद्र द्वारा आंध्र प्रदेश को 'विशेष दर्जा' देने से इंकार करने के बाद उन्होंने गुस्से में छोड़ दिया था। अब, कई मौके गंवाने के बाद, नायडू इस बात पर जोर दे रहे हैं कि उनकी 'प्राथमिकता' आंध्र प्रदेश है- उनका 'बड़ा एजेंडा'।

चंद्रबाबू नायडू एक शानदार राजधानी के साथ आंध्र प्रदेश के पुनर्निर्माण के लिए जी रहे हैं, लेकिन देखने से लगता है कि उनका यह सपना एक सपना और उनकी मरणासन्न इच्छा बनकर रह जायेगा क्योंकि मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी अभी चंद्रबाबू नायडू के सपनों को साकार करने की जल्दबाजी में नहीं हैं। जहां तक भाजपा का सवाल है, वह नर्सरी कविताएं भी गा सकती है।

भाजपा की आंध्र प्रदेश इकाई की कमान एनटीआर की बेटी जी पुरंदेश्वरी को देने से रत्ती भर भी फर्क नहीं पड़ा है। अभिनेता पवन कल्याण की जन सेना पार्टी के साथ भाजपा का गठबंधन अब तक की एकमात्र उपलब्धि है। फिर पवन कल्याण कोई झुलसी हुई धरती का चुनाव जीतने की नीति वाले हनुमान नहीं हैं जो उन्हें भाजपा का आदर्श बना देंगे। शेष भारत के लिए, आंध्र प्रदेश एक ऐसा राज्य है जिस पर लोगों का ध्यान नहीं जाता। यह ऐसा है जैसे आंध्र प्रदेश में चुनाव कोई खास महत्व नहीं रखते। पड़ोसी तेलंगाना सारा ध्यान खींच लेता है और सारी ऑक्सीजन सोख लेता है।

आंध्र प्रदेश अभी भी राज्य के विभाजन से उबर नहीं पाया है। जहां जगनमोहन रेड्डी नतीजे से खुश दिख रहे हैं, वहीं चंद्रबाबू नायडू अपने कंधों पर एक बड़ी जिम्मेदारी लेकर चल रहे हैं। नायडू 'अमरावती' को आंध्र प्रदेश की राजधानी बनाने पर अड़े हैं जबकि जगनमोहन रेड्डी विशाखापत्तनम को राजधानी बनाना चाहते हैं। यह एक कड़ा गतिरोध है। क्या भाजपा का कोई विचार है?

जून 2014 में आंध्र प्रदेश को दो भागों में विभाजित कर दिया गया- आंध्र प्रदेश और तेलंगाना। आंध्र प्रदेश को 10 वर्षों में एक नई राजधानी ढूंढनी थी, जो नहीं हुई। आंध्र प्रदेश में 2024 में विधानसभा और संसदीय दोनों क्षेत्रों में चुनाव होने हैं। कोई खास उत्साह नहीं है और तीनों प्रमुख पार्टियां केवल उदासीनता दिखा रही हैं। कांग्रेस बेहोश है। मतदाता हतप्रभ हैं।

भाजपा चाहती है कि तेदेपा और राज्य में सत्तारूढ़ वाईएसआरसीपी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनकी कुर्सी पर टिके रहने में मदद करें। जमीनी काम हो चुका है और अब सब कुछ भाजपा पर निर्भर है। भाजपा की आंध्र प्रदेश में बहुत कम उपस्थिति है और लगातार तीसरी बार भारत पर शासन करने की मोदी की महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए एक मजबूत क्षेत्रीय सहयोगी की आवश्यकता है।

## आज नागपंचमी

# प्रकृति संरक्षण से जुड़ा है नागपंचमी का पर्व

हमारी प्राचीन परंपरा के चलते ही नाग को देवता मानने की आस्था ने ही सांपों को संरक्षण से जोड़ा था। श्रावण मास में पड़ने वाली शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को नाग पंचमी के रूप में जाना जाता है। इस दिन नागों की पूजा कर हिंदू धर्मावलंबी उनसे अपने जीवन की रक्षा हेतु प्रार्थना करते हैं।

पर्यावरण संतुलन में मददगार होने और फसलों की रक्षा करने के कारण ही नाग को आदिकाल से देवता के रूप में पूजा जाता रहा है। भगवान विष्णु की शैय्या और शिव शंकर के गले का हार होने के कारण नाग लोगों की आस्था से जुड़ा जीव बन गया है। यही कारण है कि नाग पंचमी का पर्व धार्मिक आस्था एवं विश्वास के सहारे हमारी बेहतरी की कामना का प्रतीक बन गया है। यह पर्व हमें जीव-जंतुओं के प्रति समभाव , हिंसक प्राणियों के प्रति दया भाव के साथ ही अहिंसा के अभय दान की प्रेरणा देता है। नाग पंचमी का पर्व हमें पर्यावरण से जोड़ता है। हमारी संस्कृति ने उन सभी जीवों, वनस्पतियों तथा वस्तुओं को सम्मान दिया है जो हमारे अस्तित्व को बचाने में सहायक हैं। नाग को देवताओं की श्रेणी में रखा गया है। हिंदू धर्म-ग्रंथों के अनुसार नाग महर्षि कश्यप और उनकी पत्नी कदरू की संतान हैं। पुराणों के अनुसार सूर्य के रथ में बारह सर्प (नाग) विराजमान हैं। यही नाग प्रत्येक माह रथ के वाहक बनते हैं। हमारे धर्म ग्रंथ में आए कथानकों के अनुसार शेषनाग ही रामावतार में लक्ष्मण और कृष्णावतार में बलराम के रूप में अवतरित हुए थे।

मोहनजोदड़ो, हड़प्पा और सिंधु घाटी की सभ्यता के अवशेष इस बात के साक्षी हैं कि नागों के पूजन की परंपरा आदिकाल से चली आ रही है। मिस्र की सभ्यता भी अत्यंत प्राचीन है जहां आज भी शेख हरेदी नामक पर्वत पर सांपों की पूजा की जाती है। पड़ोसी राष्ट्र नेपाल में नाग पंचमी का उत्सव सपेरों के त्यौहार के रूप में मनाया जाता है। देखा जा रहा है कि पर्वतीय प्रदेशों में नाग पूजा का प्रचलन अधिक है। सुप्रसिद्ध संस्कृत कवि कल्हण ने राज तरंगिणी ग्रंथ में कश्मीर की धरती का दिव्य सपेरों से संबंध बताया है। अनंतनाग नामक स्थान इस बात का ऐतिहासिक प्रमाण है। यह मान्यता भी है कि नाग पंचमी के दिन भगवान श्री कृष्ण द्वारा कालिया मर्दन लीला हुई थी। इसी तरह भविष्य पुराण में कथानक है कि देवासुर संग्राम में हुए समुद्र मंथन से उच्चश्रवा नामक अश्व (घोड़ा) निकला था। उसे देखकर नाग माता कदरू ने अपनी सौत विनीता से कहा इस घोड़े का रंग सफेद है, परंतु बाल काले दिखाई पड़ते हैं। इस बात को लेकर दोनों में विवाद बढ़ गया। पुत्र नागों द्वारा विरोध करने पर कदरू ने क्रोधित होकर उन्हें राजा जन्मेजय द्वारा किए जाने वाले सर्प यज्ञ के दौरान भस्म हो जाने का श्राप दे डाला। तब ब्रह्माजी के वरदान से आस्तिक मुनि ने सर्प यज्ञ को रोककर नागों के प्राणों की रक्षा की। मान्यता है कि ब्रह्मा जी द्वारा पंचमी के दिन वरदान दिए जाने और पंचमी के दिन ही आस्तिक मुनि द्वारा नागों की रक्षा किए जाने के कारण पंचमी तिथि नागों को समर्पित कर दी गई।

नागपंचमी पर मुख्यत: पांच पौराणिक नागों की पूजा होती है- अनंत, वासुकी, तक्षक, कर्कोटक एवं पिंगल। असंख्य फन वाले अनंत शेषनाग की शैय्या पर भगवान विष्णु विश्राम करते हैं। वासुकी नाग को मंदराचल में लपेटकर समुद्र मंथन हुआ था। तक्षक के डसने से राजा परीक्षित की मृत्यु हुई थी। नागवंशी कर्कोटक के छल से रुष्ट होकर नारद जी ने उसे श्राप दिया था। हिंदू व बौद्ध साहित्य में पिंगल को कलिंग में छिपे खजाने का संरक्षक माना गया है।

**डॉ सूर्यकांत मिश्रा**

## आपके पत्र

# तासीर टमाटर की

वर्तमान में देश में कई चर्चित मुद्दे हैं जिनमें टमाटर की बढ़ी कीमत भी एक प्रमुख है। बढ़ी हुई कीमतों से यह हमारे भोजन की थाली से तो दूर हुआ ही है, परंतु इसकी लूट की भी कई घटनाएं हुई हैं। प्रमुख सब्जी के रूप में प्रचलित टमाटर की खोज 15वीं सदी में हुई थी। एक मान्यता के अनुसार टमाटर 700 ईसा पूर्व भी मौजूद था। मैक्सिको के आदिवासी अपनी भाषा में इसे 'टोमेटो' कहते थे। आदिवासियों का शब्द 'टोमेटो' अंग्रेजी में ऐसे ही स्वीकार कर लिया गया।

दक्षिणी अमेरिका के पेरू में पहली बार टमाटर की खेती की गयी थी। टमाटर की खोज के समय यह स्पष्ट नहीं था कि यह विषैला है या खाने योग्य। यूरोप में टमाटर 15वीं सदी में ही पहुंच गया था, परंतु वहां लोग इसे 200 वर्षो तक खाने से डरते रहे एवं इसे 'पाइजन-एपल' कहा गया। इसका कारण यह था कि कई लोग टमाटर खाकर मर जाते थे। बाद में अध्ययन करने पर पाया गया कि मौत का कारण टमाटर नहीं, अपितु सीसे (लेड) की परत वाली प्लेट थी जिसमें रखकर टमाटर खाये जाते थे। 'ऐपीडी साइट' का कारण मानते रहे। बाद में हुए कुछ अध्ययनों से पता चला कि इसका फल तो खाने योग्य है, परंतु इसकी पत्तियां एवं तना विषैला हो सकते हैं। फल को खाने योग्य माने जाने के बाद इसकी लोकप्रियता काफी बढ़ी। इटली एवं स्पेन के लोगों ने इसकी खेती शुरू की एवं इसका नाम 'गोल्डन-एपल' रखा गया। फ्रांस में टमाटर को 'लव-एपल' कहा गया।

26 सितम्बर, 1820 को सेलम के कर्नल राबर्ट जॉनसन द्वारा दो-ढाई हजार लोगों के सामने टोकनी भर टमाटर खाने एवं कुछ नहीं होने पर अमेरिकी लोगों ने इसे फल व सब्जी के रूप में मान्य किया। अमेरिका के ही एक व्यापारी ने 1893 में यह दावा किया कि टमाटर एक फल है इसलिए इस पर सब्जी-कर नहीं लिया जाए। वहां के उच्च न्यायालय ने इस दावे पर निर्णय दिया कि टमाटर ज्यादातर सब्जी के रूप में प्रयोग किया जाता है, अत: यह कर योग्य है। वर्तमान में टमाटर आलू एवं प्याज के समान ही लोकप्रिय है एवं विश्व की 10 लोकप्रिय सब्जियों में 06 वें स्थान पर है।

वनस्पति विज्ञान में इस शाकीय पौधे को 'लाइकोपर्सिकम एस्कुलेंटम' कहते हैं जो 'सोलोनेसी कुल' का सदस्य है। यह विटामिन ए व सी के साथ पोटेशियम, कैल्शियम तथा फास्फोरस का भी अच्छा स्रोत है। फल को लाल रंग देने वाला रसायन 'लायकोपीन' कैंसर तथा हृदय रोग की रोकथाम में भी कारगर बताया गया है। पके फलों से इस रसायन को हमारा शरीर आसानी से अवशोषित कर लेता है। इसके अन्य औषधीय गुणों को जानने के लिए अनुसंधान किये जा रहे हैं। स्पेन के ब्यूनाल में एक-दूसरे पर टमाटर फेंकने और उसके रस में भीगने का एक वार्षिक त्यौहार 'ला-टामेटिया' मनाया जाता है। इसे मनाने हेतु लगभग एक लाख किलो टमाटर का उपयोग किया जाता है।

हमारे देश में यह 16वीं सदी के प्रारंभ में पुर्तगालियों द्वारा लाया गया था। उस समय लोग इसे 'विलायती बैंगन' कहते थे। वर्तमान में इसकी खेती ज्यादातर राज्यों में की जाती है, उनमें प्रमुख हैं-महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, आंध्रप्रदेश एवं कर्नाटक। हमारे देश के अलावा चीन, तुर्की, ईरान, स्पेन एवं ब्राजील में भी यह काफी उगाया जाता है। इसकी बढ़ती लोकप्रियता के कारण कृषि वैज्ञानिकों ने इसकी कई किस्में तैयार की हैं। इन किस्मों में आकार, स्वाद एवं रंग में काफी भिन्नता है।

छोटी चेरी तथा ग्रेप किस्मों के टमाटर छोटे होने के कारण पूरे खाये जाते हैं। 'भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्था' के वैज्ञानिकों ने ऐसी किस्म तैयार की है जिसके एक पौधे पर 19-20 किलो टमाटर लगते हैं। कर्नाटक में कुछ वर्षों पूर्व इसकी खेती प्रारंभ की गयी थी। 'उत्तराखंड राज्य जैव-विविधता परिषद' के वैज्ञानिक इसकी एक झाड़ी समान विदेशी प्रजाति 'टमरै-लो' को भी उगाने का प्रयास कर रहे हैं।

**- डॉ. ओ.पी. जोशी**

# ककरहटी में चली गोली, युवक की मौत

**पन्ना, देशबन्धु।** पुलिस थाना कोतवाली अंतगर्त ककरहटी में सीने में गोली लगने से युवक की मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्ट मार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि युवक ने आत्महत्या की है या किसी अन्य व्यक्ति ने गोली मारी है। मृतक के पड़ोस में रहने वाले संजय यादव ने पुलिस चौकी ककरहटी को शनिवार दोपहर सूचना दी कि ककरहटी के बठिया मोहल्ला में गोली चल गई है। 25 वर्षीय शोभित यादव के सीने में गोली लगने से मौत हो गई है। सूचना पाकर ककरहटी पुलिस चौकी प्रभारी जीएस बाजपेयी मौके पर पहुंचे। मौके पर मृतक का भाई और भाभी मौजूद थे। दोनों ने पुलिस को आत्महत्या करना बताया हैं। गोली लगने से युवक की मौत के बाद पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। सागर से एफएसएल टीम को बुलाया गया। एफएसएल टीम देर शाम ककरहटी पहुंची। पुलिस को परिजनों के बयान संदिग्ध लग रहे है। पुलिस सभी पहलुओं के आधार पर मामले की जांच कर रही है। पुलिस पतासाजी करने में जुटी है कि युवक ने खुद को गोली मारी है या किसी और ने गोली चलाई है। कट्टे की गोली सीने में लगी पुलिस ने पड़ताल में पाया कि युवक को जिस कट्टे से गोली लगी है वह अवैध है। ऐसे में पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि अवैध हथियार कैसे पहुंचा। गौरतलब है कि मृतक शोभित यादव और संदीप यादव सगे भाई हैं। दोनों सतना जिले के नागौद के रहने वाले हैं। इनके माता पिता की बचपन में मृत्यु हो गई थी। माता पिता की मौत के बाद दोनों भाई पालन पोषण ननिहाल ककरहटी में हुआ। दोनों ककरहटी में ही निवास कर रहे थे। मृतक के बड़े भाई संदीप की हाल ही मैं शादी हुई है।

### इनका कहना है

ककरहटी गांव में गोली लगने से युवक की मौत का मामला सामने आया है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान रख मामले की जांच कर रही है। जिससे युवक की मौत की हकीकत सामने आ जाए।

**सांई कृष्ण एस थोटा,**
एसपी पन्ना

# मणी लेने के चक्कर में युवक की हत्या अरोपी फरार



**पन्ना, देशबन्धु।** जिले के शाहनगर थाना मुख्यालय में एक तीस वर्षीय युवक का शव रक्त रंजित हालत में मिला जिसकी सूचना लोगो द्वारा शाहनगर पुलिस को दी गई थी पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर शव को बरामद किया तथा पंचनामा करवाकर पोस्टमार्टम के लिये स्वास्थ केन्द्र शाहनगर लाया गया युवक की पहचान विकास पान्डेय निवासी उप्र के रूप में की गई फिलहाल मृतक की हत्या चाकू घोंपकर की गई है।

इस संबंध में बताया जाता है कि मृतक अरोपियो के पास नाग मणी लेने आया था इसी दौरान विवाद के चलते अरोपियो ने हत्या की है। बताया जाता है कि मृतक तथा हत्यारों की मुलाकात छतरपुर जिले के बागेश्वर धाम में हुई थी उसके बाद विकास पांडे शाहनगर आया था जहां आरोपियों ने मौत के घाट उतार दिया।

घटना की जानकारी लगते ही पुलिस अधीक्षक एस साई कृष्ण थोटा एवं पवई एसडीओपी फिंगर प्रिन्ट एक्सपर्ट सहित डाग सागर टीम मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर मामले की जांच रही है।

# रोहित मिश्रा को मिली कोतवाली की कमान, पुलिस अधीक्षक ने सात थानों में प्रभारी किये पदस्थ



**पन्ना, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक एस साई कृष्ण थोटा ने जिले के विभिन्न थानो में रिक्त थाना प्रभारियों के पद पर पदस्थ स्थापना की गई है। जिसमें पन्ना कोतवाली की कमान युवा निरीक्षक रोहित मिश्रा को सोंपी गई है। पद स्थापना मिलने के पश्चात प्रभार मिलते ही कहा कि अपराधो पर पूरी तरह नियंत्रण किया जायेगा तथा जुआ सट्टा अवैध शाराब विक्रय करने वाले अपराधियों पर सख्त कार्यवाही की जायेगी। कोतवाली थाना क्षेत्र में चीता मोबाईल भी सक्रिय रहेगी। जो अपराध घटित होने के स्थान पर तत्काल पहुंचेगी। पुलिस अधीक्षक ने जिन अन्य थानो में प्रभारी पदस्थ किये गये उनमे पवई थाना में सुशील कुमार अहिरवार अमानगंज थाना, वीरेन्द्र सिंह चोहान गुनौर थाना, देवराज शर्मा सिमरिया थाना, अनीता कुडापे अजयगढ थाना, राम हर्ष सोनकर निरीक्षक को पदस्थ किया गया है तथा शाहनगर थाना में उप निरीक्षक वहीद खान को पदस्थ किया है। ज्ञात हो कि विधानसभा निर्वाचन के चलते जिले के थानो में पूर्व में पदस्थ रहे प्रभारियो के स्थानांतरण हो चुके थे।

## प्राकृतिक चिकित्सा अपनाये: डॉ. दिनेश मिश्रा

**पन्ना, देशबन्धु।** छत्रसाल पार्क मे तीन दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में छतरपुर में प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान क्षेत्र का संचालन कर रहें डॉ. दिनेश मिश्रा उपस्थित रहें, उन्होने कहा कि मनुष्य का शरीर प्रकृति के पांच तत्वो से बना हुआ है और इस शरीर में होने वाले रोगो को प्रकृति द्वारा ही ठीक किया जा सकता है। लेकिन मनुष्य स्वयं उन तत्वो को जानता नही है जिससे अनेक बीमारीया हो रही है तथा डॉक्टर करोडो रूपये इलाज के नाम पर कमा रहें है। आगें उन्होंने प्राकृतिक चिकित्सा के द्वारा सभी रोगो का इलाज किया जा सकता है। इस पद्धति के द्वारा जड से कोई भी रोग ठीक हो सकता है लेकिन थोडा समय लगता है उन्होने अनेक रोगो के संबंध में अनेक जानकारियां दी तथा उन्होने बताया कि छतरपुर में हमारा केन्द्र है कोई भी मरीज वहां पर आ कर इलाज ले सकता है। उसे हर बीमारी से छुटकारा मिल सकता है। इस दौरान अनेक लोग उपस्थित रहें। जिसमें मुख्य रूप से मलखान सिंह, करूणा खरे, डॉ. रवी शंकर मोदी, एड. स्माईल खान, आरपी साहू आदि।

# राधा-कृष्ण के झूले नि:शुल्क वितरित किये, सावन माह में नि: शुल्क दान करते हैं झूले



**सागर, देशबन्धु।** धर्म सेवा केवल धार्मिक स्थलों पर जाकर ही नहीं होती बल्कि इसके लिए मन में अगाध श्रद्धा और दूसरों को देने का भाव होना चाहिए। शहर के मुकेश प्रजापति पिछले चौदह वर्षों से राधा कृष्ण के झूले नि:शुल्क बांटकर ऐसा ही पुनीत काम बेहद खामोशी से कर रहे हैं। उनकी कलाकारी इतनी शानदार है कि झूलों की डिमांड अब प्रदेश के कई शहरों से होने लगी है। मुकेश प्रजापति पेशे से मैकेनिक हैं और शहर में ही वर्कशॉप संचालित करते हैं। हर पुनीत कार्य की प्रेरणा के पीछे कोई न कोई वजह जरूर होती है और मुकेश को सेवाभाव की प्रेरणा अपने परिजनों से ही मिली। श्री प्रजापति द्वारा दो प्रकार के झूले दो साइज में बनाये गये थे पहली मंदिर साईज और दूसरी घर में पूजास्थल के हिसाब से छोटी साइज। कार्यक्रम में छोटी साइज के झूले ही ज्यादा वितरित किये गये इनकी मांग भी ज्यादा होती है। उन्होंने बताया कि इस बार भी लोगों की डिमांड के अनुसार मंदिर साइज और छोटे झूले बनाये गये हैं जिनमें बड़े झूलों की लागत एक से डेढ़ हजार रुपए के बीच आती है और इसे बनाने में भी करीब एक सप्ताह लग जाता है। झूले में लड्डू गोपाल की मूर्ति के साथ ही झूले वितरित किये गये।


### बेटियों के सम्मान में हुआ नि:शुल्क झूला वितरण

रविवार को सावन के महिने में अनोखा प्रजापति परिवार भगवान कृष्ण और राधाजी की मूर्तियों के साथ झूलों का नि: शुल्क वितरण किया गया। ये झूले प्रजापति परिवार पूरे एक साल तक बनता है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की पहल के साथ झूले वितरित किये गये। इस बार बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं की तर्ज पर शासन की योजनाओं को कार्यक्रम में शामिल कर प्रजापित परिवार ने एक अनूठी पहल की। उन्होंने बताया कि अगले वर्ष से केवल बेटियों को ही झूलों का वितरण किया जायेगा। कार्यक्रम का आयोजन 20 अगस्त को भूतेश्वर मंदिर के पास दोपहर 12 बजे से शुरू हुआ जिसमें महिलाओं, पुरूषों सहित बच्चों की भीड़ रही। बच्चों ने मनमोहक झांकी सजाते हुये राधा-कृष्ण की वेशभूषा में आयोजन को चार चॉद लगाया।

### मकर संक्रांति से शुरू होता है पंजीयन

मुकेश प्रजापति बताते हैं कि चूंकि झूले बनाने में समय और पैसा लगता है इसलिए वे प्रतिवर्ष करीब 100 से 150 झूले ही बना पाते हैं। झूले प्राप्त करने के लिए मकर संक्रांति के पर्व पर केवल एक दिन ही पंजीयन किया जाता है। इसके बाद सावन माह में राधा कृष्ण के झूले पंजीयन कराने वाले लोगों तक पहुंचा दिए जाते हैं। सबसे बड़ी बात यह है श्री प्रजापति और उनकी पत्नी माया झूले निर्माण से जुड़ी सारी व्यवस्था करती हैं। मुकेश बताते हैं कि वे झूले के लिए अपने वर्कशॉप को ही निर्माण स्थल बना लेते हैं। इस दौरान उन्हें अपना काम रोकना पड़ता है लेकिन झूले बनाकर लोगों में बांटने का आनंद अलग ही है।

## पं. धीरेन्द्रकृष्ण शास्त्री का 3 दिवसीय कथा आयोजन 6 से



**खुरई, देशबन्धु।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्रकृष्ण शास्त्री का खुरई में तीन दिवसीय श्री हनुमंत कथा का आयोजन 6 से 8 सितंबर को किया जा रहा है। मंत्री भूपेंद्र सिंह द्वारा भव्य कार्यक्रम के लिए खुरई के बायपास रोड स्थित नवीन कृषि मंडी के पास कथा स्थल पर अपरान्ह 4 बजे से संत पं. धीरेन्द्रकृष्ण शास्त्री की अमृतवाणी सुनने का अवसर सभी श्रद्धालुओं को उपलब्ध होगा। मंत्री भूपेंद्र सिंह ने बताया कि बागेश्वर धाम सरकार के इस कथा आयोजन के हेतु 5 सितंबर को आयोजित एतिहासिक भव्य कलशयात्रा निकाली जाएगी।

### पुलिस ने दो दिन में अपहृत बालक को किया दस्तयाब

**बीना, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीना डॉ. संजीव उईके, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस प्रशांत सिंह सुमन के नेत्रत्व में की गई कार्यवाही का खुलासा कर बताया कि 18 अगस्त को गंधर्व पिता नारायण सिंह यादव उम्र 38 साल निवासी सांईधाम कॉलोनी प्रताप वार्ड बीना द्वारा थाना मे उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 17 अगस्त को मेरा भांजा अंकुल पिता राकेश यादव उम्र 12 साल निवासी सांईधाम कॉलोनी बीना घर से बिना बताए कहीं चला गया आवेदक की रिपोर्ट पर अपराध सदर धारा 363 ताहि का कायम कर विवेचना मे लिया गया। दौरान विवेचना के घटना पर तत्काल बीना थाना प्रभारी द्वारा एक पुलिस टीम का गठन कर अपहृत बालक की दस्तयावी हेतु रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा अपहृत बालक के संबंध में मुखबिर तंत्र की सूचना के आधार पर 19 अगस्त को दस्तयाब किया जाकर परिवार जन के सुपुर्द किया गया। उपरोक्त सराहनीय कार्यवाही में थाना प्रभारी बीना निरीक्षक भरत सिंह ठाकर, उनि अशोक यादव, मुकुल, सतेन्द्र, सतीश की सराहनीय भूमिका रही।

## पुलिस ने 24 घंटे में किया चोरी का खुलासा, दामाद ही निकला आरोपी



**बीना, देशबन्धु।** बीना थाना अंतर्गत धनौरा गांव में हुई चोरी का पुलिस ने 24 घंटे में ही खुलासा कर दिया है। चोरी करने वाला कोई और नहीं बल्कि दामाद ही चोर निकला। पुलिस ने आरोपी दामाद को गिरफ्तार कर उससे चोरी का माल भी बरामद कर लिया है। खुलासा कर बताया कि शनिवार को सावित्री बाई पति लेखपाल अहिरवार निवासी धनौरा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसने 5 अगस्त को नातिन के जन्मदिन पर जेवरात का उपयोग करके उसे पलंग पेटी में रख दिए थे। उसके साथ 9 हजार रुपए भी शामिल थे। उन्होंने बताया कि जब वह शनिवार की दोपहर में जेवरात उपयोग करने के लिए देखे तो पेटी में रखे सोने चांदी के जेवरात एवं 9 हजार रुपए नकद गायब थे। जेवरात और नकद कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। इसके बाद महिला ने बीना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

रिपोर्ट पर थाना बीना में अपराध कायम कर विवेचना में लिया। पुलिस ने घटना से पहले महिला के घर आए रिश्तेदारों के संबंध मे जानकारी ली। पुलिस मुखबिर सूचना तंत्र एवं सूजबूझ से अज्ञात चोर को 24 घंटे में ढूंढने में कामयाब हुई। पुलिस ने ग्राम रतवांस, थाना पिपरई जिला अशोकनगर निवासी महिला के दामाद रवि पिता हरीसिंह अहिरवार को अशोकनगर से उसके किराए के मकान से गिरफ्तार कर चोरी का सामान सोने चांदी के जेवरात बरामद किया।

पुलिस ने चोर के पास से चोरी के पैसों से किश्तों पर ली गई नई बाइक भी जब्त की गई। इसके बाद आरोपी को न्यायालय मे पेश किया गया। पुलिस द्वारा बताया गया कि आरोपी आपराधिक प्रवृति का है। जिसके खिलाफ थाना पिपरई जिला अशोकनगर में छेडछाड़ एवं मारपीट का अपराध भी दर्ज है। उक्त कार्वाई में थाना प्रभारी भरत सिंह ठाकर, उपनिरीक्षक रामदीन सिंह, राजेश सिंह, लोकेंद्र यादव, सतीश की सराहनीय भूमिका रही।

# बंसल हॉस्पिटल सागर में मैकेनिकल वेंटिलेशन डिमिस्टिफाइड वर्कशॉप





**मकरोनिया, देशबन्धु।** अभी तक वेंटीलेटर पर मरीज को डालने को जाते हुए को आखिरी सलाम माना जाता था। लेकिन उच्च क्वालिटी के शोध में यह बात सामने आई है कि अच्छा वेंटीलेटर का मैनेजमेंट दवाओं से भी अधिक लाभकारी होता है। कोविड काल के दौरान देश में गहन चिकित्सा सेवाओं आईसीयू बेड्स की कमी सामने आई और यह भी पता चला की चिकित्सा का मैनपावर, जिसमें शामिल है डॉक्टर्स एवं पैरामेडिकल अभी भी वेंटीलेटर इत्यादि उपकरणों के मामले में पर्याप्त ट्रेंड नहीं हैं।बंसल हॉस्पिटल सागर के सीईओ डॉ. संकेत गीतमोहन लहरी ने बताया, इसी कमी को दूर करने के लिए रविवार को बंसल हॉस्पिटल में इंटेंसिविस्ट आईसीयू विशेषज्ञ डॉ. शुभा सिंघई के नेतृत्व में कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें नागपुर से आए डॉ. अनंत राजपूत और डॉ. अंकिता राजपूत, बंसल हॉस्पिटल भोपाल से डॉ. हरभजन सिंह सैनी, बीएमसी के एनेस्थेसिया विभाग, मेडिसिन विभाग एवं पल्मोनॉलोजी विभाग और बंसल हॉस्पिटल के एनेस्थीसिया एवं क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग के डॉक्टर्स ने प्रशिक्षण दिया। दिन भर की कार्यशाला में सागर जिले के साठ से अधिक डॉक्टर्स और नर्सिंग स्टाफको प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान पूर्वाह्न में थ्योरी पार्ट कवर कर दोपहर बाद प्रैक्टिकल ट्रेनिंग दी गई। सभी डेलीगेट्स को बेसिक्स ऑफ मैकेनिकल वेंटिलेशन, मोड्स ऑफ वेंटीलेटर, विनिंग फ्रॉम वेंटीलेटर, सेडेशन इन आईसीयू, मॉनिटरिंग, पेशेंट ओन वेंटीलेटर पर एवं एयर वे मैनेजमेंट पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में बीएमसी के डॉ. सर्वेश जैन एवं मनोज साहू तथा डॉ. उषा सैनी एवं डॉ. अभिषेक जैन भी प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मौजूद रहे।



### राष्ट्र एवं विश्व कल्याण हेतु सवा लाख बेलपत्र आज चढ़ेंगे भगवान शिव को

**मकरोनिया, देशबन्धु।** उपनगरी क्षेत्र मकरोनिया के श्री राम दरबार मंदिर में नर्मदेश्वर महादेव को आज चढ़ेंगे सवा लाख बेलपत्र पं. केशव महाराज ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान शिव को सवा लाख बेलपत्र राष्ट्र एवं विश्व कल्याण हेतु समर्पित किए जा रहे हैं। भक्तों के द्वारा देर रात्रि तक सवा लाख बेलपत्री की गिनती चलती रहीं, पवित्र श्रावण माह में सवा लाख बेलपत्री चढ़ाने का विशेष ही महत्व शास्त्रों में वर्णित है, क्योंकि भगवान शिव कल्याण के देवता है जो भी मनुष्य भगवान शिव का श्रद्धा और विश्वास के साथ शिव आराधना करता है। वह 84 लाख योनियों में फिर नहीं भटकता। महाकाल को चढ़ाई गई एक बेलपत्री अकाल मृत्यु का हरण करती है जो मनुष्य भगवान को बेलपत्र से पूजन करता है उस मनुष्य को देखकर सारे देवी देवता प्रसन्न होते हैं इसीलिए श्रद्धा स्वरूप देवी पार्वती और विश्वास स्वरूप भगवान शंकर का श्रद्धा और विश्वास के साथ पूजन करना विशेष फलदाई होता है।

### कांग्रेस की आमसभा को सफल बनाने घर-घर संपर्क कर आमंत्रित किया

**सागर, देशबन्धु।** कांग्रेस के प्रदेश महासचिव व पूर्व जनपद अध्यक्ष देवेंद्र तोमर ने पगारा भैंसा कपूरिया व सदर में लोगो से राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ 22 अगस्त को विशाल आमसभा को कजलीवन मैदान में सुबह 11 बजे संबोधित करेंगे।

श्री तोमर ने साथियों के साथ घर-घर जाकर सभी लोगो से ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर सभा को सफल बनाने के लिए निवेदन किया। इस अवसर पर इमरान मकरानी, अजय वैद्य, मनोहर चौबे, शिवम् चौरासिया, अनुज पटेल आदि मोजूद थे।


**कार्यालय, अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सागर मण्डल सागर**

दूरभाष नं. कार्यालय 07582-228042 ईमेल-seressagar@mp.gov.in
क्रमांक/1188/निविदा/ग्रा.यां.से./2023 सागर दिनांक 17.08.2023

**निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 08 एवं 09/2023-24**

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से Covers 2/3 (दो/तीन लिफाफा पद्धति) के आधार पर ऑनलाईन प्रतिशत दर निविदा प्रपत्र एपेंडिक्स 2.10 अनुसार निविदायें लोक निर्माण विभाग की केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन प्रणाली में सिविल श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है:-

| क्र. | ग्रायांसे संभाग | टेण्डर आई. डी. नंबर | कार्य का नाम | निविदा लागत (पी.ए.सी.) (रू. लाख में) | निविदा आमंत्रण का क्रम | Covers |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | |
| 1 | पन्ना | 2023_RES_298779_1 | ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर में मंगल भवन का निर्माण ज.प. पन्ना जिला पन्ना | 28.04 | प्रथम | दो लिफाफा पद्धति |
| 2 | दमोह | 2023_RES_298780_1 | अतिरिक्त कक्ष मय लेट-बाथ निर्माण कार्य अनुसूचित जाति सीनियर उत्कृष्ट बालक छात्रावास जबेरा वि.ख.जबेरा | 20.39 | | |
| 3 | दमोह | 2023_RES_298781_1 | अतिरिक्त कक्ष मय लेट-बाथ निर्माण कार्य अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास तेन्दूखेड़ा वि.ख. तेन्दूखेड़ा | 20.39 | | |
| 4 | दमोह | 2023_RES_298782_1 | अतिरिक्त कक्ष मय लेट-बाथ निर्माण कार्य अनुसूचित जाति सीनियर उत्कृष्ट कन्या छात्रावास दमोह वि.ख. दमोह | 20.39 | | |
| 5 | दमोह | 2023_RES_298783_1 | अतिरिक्त कक्ष मय लेट-बाथ निर्माण कार्य अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास हिण्डोरिया वि.ख. दमोह | 20.39 | प्रथम | दो लिफाफा पद्धति |
| 6 | पन्ना | 2023_RES_298784_1 | ऐतिहासिक स्थल सिद्धनाथ (ग्राम बिल्हा कंगाली) में सामुदायिक भवन बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य | 156.08 | | |
| 7 | दमोह | 2023_RES_298786_1 | पर्यटन स्थल कलेहराखेड़ा जनपद पंचायत जबेरा में जन उपयोगी सुविधाओं का विकास वि.ख. जबेरा | 66.66 | | |
| 8 | दमोह | 2023_RES_298788_1 | पर्यटन स्थल चौरई जनपद पंचायत जबेरा में जन उपयोगी सुविधाओं का विकास वि.ख. जबेरा | 98.00 | | |
| | | योग | | 430.34 | | |

कुल योग राशि रू. 430.34 लाख (रू. चार करोड़ तीस लाख चौतीस हजार मात्र)

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेंडर डाक्यूमेंट), वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ऑन लाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकेंगे। अमानत राशि (EMD) ऑनलाईन (As per Tender website link Bank/Onlile) जमा ही मान्य की जावेगी। अमानत राशि ऑफ लाईन मान्य नहीं की जावेंगी।

निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की दिनांक 18.08.2023 से प्रारंभ होकर दिनांक 01.09.2023 समय 5.30 बजे तक निर्धारित है। निविदा केवल 'अ' (Cover-1) 'ब' (Cover-2) एवं 'स' (Cover-3) ऑनलाइन ही जमा/अपलोड (Submit) करने होंगे। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है। संशोधन की सूचना अलग से प्रकाशित नहीं की जावेगी, केवल वेबसाइट पर ही अपलोड की जावेगी।

**( महेन्द्र सिंह ठाकुर )**
**अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिक सेवा**
**सागर मण्डल सागर**
**मो.नं. 9425863143**

**जी-18563/23**

जिला अस्पताल को स्वच्छ बनाने की अनोखी पहल

# नशा करने वालों के चालान बनाए, गुटखा-तंबाकू खाने वालों को दी चेतावनी

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शहर के सरकारी जिला अस्पताल प्रबंधन ने अस्पताल परिसर को साफ स्वच्छ बनाए रखने के लिए अनोखी पहल शुरू की है। अस्पताल के अंदर गुटखा, तंबाकू और सिगरेट का सेवन करने वालों को पकड़कर चालान काटे जा रहे हैं। लोगों को जागरूक करने के लिए अस्पताल परिसर में लगातार इस संबंध में अनाउंसमेंट भी कराया जा रहा है। सिविल सर्जन डॉक्टर अमित शुक्ला ने बताया कि जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या बहुत अधिक रहती है। हर एक मरीज के साथ कई अटेंडर साथ आते हैं। इसके अलावा साधारण चेकअप के हजारों पेशेंट हॉस्पिटल आते हैं। मरीजों के साथ आने वाले ज्यादातर लोग



अस्पताल परिसर में ही गुटखा, तंबाकू और सिगरेट का सेवन कर यहां वहां गंदगी फैलाते हैं। जिससे अस्पताल परिसर और वार्डों में बड़े पैमाने पर गंदगी फैल रही है।

## 25 लोगों के चालान काटे

इसके अलावा अस्पताल परिसर में ही जब लोग नशे का सेवन करने लगे तो आखिर उनकी सेहत में सुधार कैसे होगा। अभियान के प्रभारी डॉ डीएस भदौरिया ने बताया कि लोगों पर नजर बनाए रखने के लिए एक टीम गठित की गई है। जो लगातार अस्पताल परिसर का भ्रमण कर गुटखा तंबाकू और सिगरेट का सेवन करने वाले लोगों को पकड़ेंगे। नशे का सेवन नहीं करने की हिदायत देकर चालान भी काटे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि शुरुआत में 50 रुपए का चालान काटा जा रहा है। अगर फिर भी लोग नहीं माने तो 200 रुपए का चालान काटा जाएगा। उन्होंने बताया कि अस्पताल परिसर में 25 लोगों के चालान काटे गए।

## अनाउंसमेंट कराकर दी जा रही हिदायत

अस्पताल प्रबंधन ने लोगों को जागरूक करने के लिए एक कर्मचारी नियुक्त कर दिया है। जो लगातार अस्पताल परिसर में भ्रमण कर अनाउंसमेंट कर रहा है। इसके माध्यम से लोगों को

# दल-दल में तब्दील हो गई गांव की गलियां, 3 माह में नहीं हो पाया कार्य



▶ जल जीवन मिशन के ठेकेदार की मनमानी से गांव के लोग हो गए परेशान

**बम्होरीकलां, देशबन्धु।** पलेरा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बम्होरीकलां में तीन माह से जल जीवन मिशन के तहत कार्य किया जा रहा है लेकिन ठेकेदार द्वारा पाइप लाइनों की नालियों का पुराव नहीं किया गया है। जिसके कारण गांव की गलियां दल.दल में तब्दील हो गई है। स्थानीय लोगों ने गलियों को साफकरने की मांग प्रशासन से की है। जल जीवन मिशन योजना के तहत चार करोड़ 81 लाख 50 हजार रुपए की लागत से नल जल मिशन योजना का निर्माण कार्य किया जा रहा है। यह निर्माण कार्य तीन महीनों से किया जा रहा है। पाइप लाइनों को बिछाने के लिए मशीनों से सडकों को खोदा गया। उसके बाद उसमें लाइनों को बिछाया गयाए लेकिन उन नालियों का पुराव नहीं किया गया। जिसके कारण ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## दलदल बन गई गांव की सडके

ग्रामीणों बालमुकुंद पाठक, वीरेंद, बब्लू सिंह, ओम प्रकाश, हरिनारायण तिवारी ने बताया कि गांव के बड़े मोहल्ले में नल जल योजना के ठेकेदार ने लाइन को तो बिछा दिया है लकिन नाली का पुराव नहीं किया है। जिसके कारण बारिश और नलों के पानी से सडक दल दल में तब्दील हो गई है। इस कारण से स्थानीय लोग फिसल कर गिर रहे है। ग्रामीणों ने नाली का पुराव और सीसी सडक निर्माण की मांग प्रशासन से की है।

## पीएचई विभाग के अधिकारी नहीं कर रहे निरीक्षण

जल जीवन मिशन के ठेकेदार की मनमानी से ग्रामीण परेशान है। उसके बाद भी जिला और ब्लॉक स्तरीय पीएचई के अधिकारियों द्वारा निरीक्षण नहीं किया जा रहा है। ठेकेदार की लापरवाही से ग्रामीण घर से बाहर नहीं आ पा रहे है। इसके साथ ही बच्चें स्कूल नहीं पहुंच रहे है। ग्रामीणों ने ठेकेदार पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### इनका कहना

बम्होरी कलां के ग्रामीणों द्वारा लगातार शिकायत की जा रही है। मामले की जानकारी ठेकेदार को भी दी जा रही है। जिस गली मोहल्ले में पाइप लाइन ढल चुकी है। वहां पर तत्काल सीसी सडक का निर्माण कराया जाएगा। मामले को लेकर ठेकेदार से बात करते हैं, अगर ठेकेदार द्वारा लापरवाही की जाती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**पीआर प्रजापति, एसडीओ पीएचई विभाग जतारा**

# मोतियाबिंद के नि:शुल्क ऑपरेशन हेतु मरीजों को चित्रकूट भेजा



**दिगौडा, देशबन्धु।** नगर में संचालित एक निजी स्कूल में प्रत्येक माह की भांति इस माह भी 16वाँ नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया जिसमें लगभग 96 मरीजो अपने रजिस्ट्रेशन करवाकर आंखों की नि:शुल्क जांच करवाई। चित्रकूट से पधारे नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा 15 मरीजो को नि:शुल्क मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु जानकी कुंड चित्रकूट के लिए नि:शुल्क वाहन के द्वारा रवाना किया गया। जहां उनके मोतियाबिंद का ऑपरेशन नि:शुल्क किया जाएगाए मरीजों का आना-जाना-खाना रहना और समस्त ईलाज नि:शुल्क रहेगा। ईलाज उपरांत समस्त मरीजों को वापिस दिगौडा में छोडा जाएगा। नेत्र परीक्षण शिविर में आए डॉक्टर का ग्रामवासियों ने आभार व्यक्त किया और समस्त मरीजो को विद्यालय के संचालक व ग्रामवासियों द्वारा तिलक लगाकर ऑपरेशन हेतु रवाना किया गया। अगले नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन 19 सितम्बर को किया जाएगा।

# नींद से जागा विद्युत विभाग, बजरंग मोहल्ले की समस्या का हुआ समाधान



**पलेरा, देशबन्धु।** लंबे समय से नगर की वार्ड क्रमांक 9 बजरंग मोहल्ले में पेयजल हैंड पंप के पास टूटे हुए विद्युत खंभे को लेकर खबर प्रकाशित किए जाने के बाद नगर का विद्युत विभाग हरकत में आया है। विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में बीते रविवार को विद्युत कर्मचारियों के द्वारा टूटे हुए विद्युत खंबे को बदल दिया गया है। बताया गया है कि विद्युत विभाग का टूटा हुआ खंभा लंबे समय से नागरिकों की परेशानी का कारण बना हुआ था। पेयजल हैंडपंप पर पानी के लिए जाने वाली महिलाओं को जहां कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता था। वहीं शिव मंदिर पर जाने वाली महिलाएं भी इसी रास्ते से गुजरती थी। किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए लंबे समय से नगर के नागरिक विद्युत खंभे को बदले जाने की मांग कर रहे थे। बीते रोज इस संबंध में प्रमुखता से खबर प्रकाशित किए जाने के बाद अंतत: विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा रविवार के दिन विद्युत खंभे को बदल दिया गया है।

# 1 लाख रुपए की लागत से पुराने बस स्टैंड के पास बनने वाले शिव मंदिर निर्माण कार्य का पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शहर के पुराने बस स्टैंड के पास वार्ड नंबर 24 में विधायक निधि से 1 लाख रुपए की लागत से बनने वाले शिव मंदिर निर्माण कार्य का पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष लक्ष्मी गिरी ने पार्षद एवं वार्ड वासियों के साथ विधि विधान से भूमि पूजन किया। साथ ही पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष लक्ष्मी राकेश गिरी आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुई जहां वार्ड पार्षद लक्ष्मी चंद्रभान प्रजापति एवं वार्ड वासियों के द्वारा पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष लक्ष्मी गिरी का फूल मालाओं एवं शॉल श्रीफल से सम्मान किया गया। इसके अलावा पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष लक्ष्मी गिरी ने वार्ड वासियों को संबोधित करते हुए कांग्रेस सरकार में हितग्राहियों को किसी भी योजनाओं का लाभ नहीं मिल सका जिससे यह सरकार नहीं चल सकी।

कांग्रेसी सरकार ने केवल योजनाओं को बंद करने का काम किया है और भाजपा सरकार ने अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे यह काम किया है। वहीं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष लक्ष्मी गिरी ने कहा कि आज पुरानी बस स्टैंड के पास विधायक निधि से एक लाख रुपए की लागत से बनने वाले शिव मंदिर निर्माण कार्य का वार्ड पार्षद लक्ष्मी चंद्रभान प्रजापति सहित वार्ड वासियों के साथ विधि विधान से भूमि पूजन किया साथ ही उपस्थित लोगों की समस्याओं को सुना।

# भारतीय किसान संघ की बैठक संपन्न



पलेर। भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक का आयोजन गल्ला मंडी पलेरा में किया गया। बैठक के संबंध में जानकारी देते हुए जिला कार्यकारिणी सदस्य श्रीपत सिंह भदोरिया ने बताया कि किसानों की समस्याओं को लेकर महीने की 20 तारीख को गल्ला मंडी प्रांगण में बैठक का आयोजन किया जाता है।

जिसमें समस्याओं के समाधान हेतु महीने की प्रत्येक 15 तारीख को मान्य तहसीलदार के माध्यम से जिला कलेक्टर मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री तक ज्ञापन प्रस्तुत किया जाता है। बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय किसान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष हरपाल सिंह सिसोदिया ने किसानों की जमीन के सीमांकन एवं नामांतरण जैसी गंभीर समस्या को बताया एवं आने वाले समय में इस प्रकार की समस्याओं को लेकर विभागीय अधिकारियों से संपर्क किया जाएगा एवं समस्याओं का निर्माण किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ता एवं जैविक किसान दशरथ प्रसाद धनुषधारी ने बताया कि प्रत्येक गांव के किसान भूमि सीमांत एवं भू अभिलेख की त्रुटि का सामना कर रही है जो हमारे किसान भाइयों के वर्षों से लंबित मामले भू राजस्व विभाग में लंबित है। जिसके लिए विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर संबंधित मामलों का हल कराया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित राघवेंद्र सिंह परमार जैविक किसान बन्ने बुजुर्ग, हरनारायण यादव दिनऊ, सुनील रजक जनपद सदस्य नगरी, राजेंद्र पूरन, राहुल कमलेश विश्वकर्मा हुकुमचंद अहिरवार, कमलापत आदिवासी, मनोज, मातादीन बरार एवं अन्य किसान साथी बैठक में शामिल रहे।

# विद्यार्थी परिषद ने की नगर कार्यकारिणी की घोषणा

**जतारा, देशबन्धु।** राष्ट्रवादी विचारधारा को देखकर काम करने वाले अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने नगर कार्य करने की घोषणा की है। जानकारी देते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व नगर मंत्री पीयूष साहू ने बताया है कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संगठन मंत्री स्वामित्व देव सिंह और जिला संयोजक अजय सिंह गौर के द्वारा नगर करकरणी की घोषणा की गई है। जिसमें नगर अध्यक्ष जयंत कुमारए एवं नगर मंत्री विनीत तिवारी को बनाया गया। इसके साथ ही यू सोनी, मनोज खटीक, अंकिता प्रजापति, सारा खान को नगर उपाध्यक्ष राधिका कुशवाहा, प्रीति रैकवार, सोनू यादव, मोहित तोमर, अभिषेक जैन को नगर सह मंत्री विवेक अहिरवार को कोषाध्यक्ष दीपक बंसल को कार्यालय मंत्री एस एफडी प्रमुख अफीना बानो, एसएफएस प्रमुख वंदना रैकवार सोशल मीडिया प्रभारी दीपक अहिरवार नगर छात्र एवं छात्र प्रमुख सुहानी यादव दीक्षा यादव। इस मौके पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के भाग संयोजक कपिल प्रजापति ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को तिलक और श्रीफल देकर सम्मानित किया और सभी को शुभकामनाएं दी उपर्युक्त कार्यक्रम नगर के सामुदायिक भवन में संपन्न कराया गया।

# वन विभाग ने पुलिस के सहयोग से लकड़ी से भरा अवैध परिवहन करते ट्रक को पकड़ा



**जतारा, देशबन्धु।** लकड़ी माफियाओं के अरमानों पर वन विभाग की टीम ने पुलिस के सहयोग से मध्य प्रदेश की बॉर्डर पर स्थित कनेरा पुलिस चौकी प्रभारी आंकाश रुसिया एवं पुलिस स्टॉप के सहयोग से उत्तर प्रदेश के मऊरानीपुर की ओर लकड़ी से भरे जा रहे एक ट्रक को गत रात्रि में एमपी पर बॉर्डर पर पकड़ने में सफलता हासिल की है। वन परीक्षेत्र अधिकारी रेंजर जतारा शिशुपाल अहिरवार ने बताया कि वन विभाग जतारा के द्वारा पुलिस के सहयोग से अवैध परिवहन के दौरान जप्त किया गया अवैध लकड़ी से भरा हुआ ट्रक को गत रात्रि में कनेरा चौकी पुलिस द्वारा एक 14 चकका ट्रक जिसका नंबर आरजे11जीबी0544 लकड़ी सहित कनेरा चौकी में रोका गया था। जिसकी सूचना परिक्षेत्र सहायक लिधौरा को दूरभाष के माध्यम से प्राप्त हुई, तो परिक्षेत्र सहायक लिधौरा द्वारा वनपरीक्षेत्र अधिकारी जतारा को दूरभाष के माध्यम से सूचना दी गई। जिसके तत्काल बाद वनपरीक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार द्वारा दल गठित कर कनेरा चौकी भेजा गया। जहां पहुंचने पर ट्रक ड्राइवर एवं क्लीनर से पूछताछ करने के दौरान ट्रक मे भरी हुई लकड़ी के संबंध में कटाई एवं परिवहन की अनुमति नहीं होने पर उक्त ट्रक को पुलिस चौकी कनेरा से प्राप्त करते हुए जप्त ट्रक जिसमें लकड़ी भरी हुई थी। ट्रक ड्राइवर सहित वन विभाग ने अपनी सुपुर्दगी में लेकर वन अधिनियमौ अंतर्गत कार्यवाही करते हुए सुरक्षित रूप से पुलिस थाना जतारा में खड़ा कराया गया। उक्त जब्ती की कार्रवाई पुलिस चौकी कनेरा के स्टाफके सहयोग एवं शिशुपाल अहिरवार वनपरिक्षेत्र अधिकारी जतारा के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में की गई द्य उक्त कार्रवाई में रियाजुद्दीन काजी परिक्षेत्र सहायक लिधौरा, अमन प्रजापति वनरक्षक, शुभम पटेल वनरक्षक, विवेक वंशकार वनरक्षक, प्रमोद अहिरवार वनरक्षक शामिल रहे।

# फिर मिला अवैध शराब का भंडार, नष्ट किया सौ लीटर महुआ लहान



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शहर के नए बस स्टैंड के पास कुचबंदिया मोहल्ले में रविवार को कोतवाली पुलिस ने एक बार फिर छापा मार कार्रवाई की। हर बार की तरह इस बार भी मोहल्ले में बड़े पैमाने पर अवैध शराब का भंडार मिला। जगह.जगह अब तरीके से कच्ची शराब बनाने के लिए भट्टियां बनाई गई थी। इसके अलावा कई महुआ लहान और कच्ची शराब से भरे प्लास्टिक टीन जमीन के अंदर छिपाकर रखे गए थे। कोतवाली पुलिस के पहुंचते ही कुचबंदिया मोहल्ले में अपना तफरी मच गई। अवैध शराब के कारोबार से जुड़े लोग भाग खड़े हुए। पुलिस जगह-जगह बनी कच्ची शराब की भट्टियों को नष्ट किया। तलाशी के दौरान कई स्थानों पर जमीन के अंदर छिपाकर रखे गए कच्ची शराब और महुआ लहान से भरे प्लास्टिक टीनों को निकालकर जब्त किया। उपनिरीक्षक शैलेंद्र सक्सेना ने बताया कि एसपी रोहित काशवानी के निर्देश पर रविवार को कुचबंदिया मोहल्ले में छापामार कार्रवाई की। इस दौरान करीब 200 लीटर महुआ लहान मौके पर ही नष्ट किया। अवैध शराब के कारोबार से जुड़े लोग पुलिस के पहुंचते ही मौके से फरार हो गए। घरों की तलाशी के दौरान दो महिलाओं को विरासत में लिया गया। दोनों के खिलाफआबकारी एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

**आरोपियों में नहीं पुलिस का डर-** शहर के कुचबंदिया मोहल्ले में हर साल पुलिस की ओर से तीन से चार बार छापामार कार्रवाई की जाती है। हर बार बड़ी मात्रा में महुआ लहान और अवैध कच्ची शराब जब्त की जाती है। लगातार कार्रवाई के बाद भी आरोपियों में पुलिस का डर नहीं है। पुलिस का कहना है कि छापेमारी के दौरान अवैध शराब बनाने वाले लोग मकान छोड़कर भाग जाते हैं।

## लोधी महासभा की बैठक हुई

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** अखिल भारतीय लोधी महासभा की बैठक बल्देवगढ़ शीतला माता मन्दिर प्रांगण में आहूत की गई। जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमति सरोज राजपूत रास्ट्रीय सन्गठन मंत्री, राघवेंद्र सिंह उपश्थित रहे। कार्यक्रम की अधयक्षता मनोहर लाल लोधी जिला अध्यक्ष द्वारा की गई। कार्यकृम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर कैलाश लोधी जी विधयाक तिर्बा उण्प्रण्इंजी दुष्यन्त सिंह प्रदेश महामंत्री, एवँ सु श्री रामसिया भारतीय पूर्व जिला अध्यक्ष भी उपश्थित रही। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष का चयन किया गया एवँ 27 अगस्त को होने वाले भोपाल में अमर शहीद वीरांगना अवन्ति बाई लोधी की जयन्ती एवँ महासम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में लोधी समाज को भाग लेने के लिए अपील की। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपश्थित दराजु लड़वारी, मथुरा प्रसाद, लखन मास्साब, जुगल, हीरानंद दिग्विजय, मास्साब, श्रीमति कल्पना लोधी महिला जिला अध्यक्ष, रानी, कु चंदा लोधी, हरिकिशन मडुमर, काशीराम, सतेंद्र रामेश्वर, दिनेश, ब्रजेश, लखन, सुरेंद्र, केहर, श्रीराम, अखलेश, जितेंद्र, कमलेश पलेरा करन पथराई, जयहिंद, रामलाल, के साथ हजारों की संख्या में समाज जन शामिल हुए एवँ 27 अगस्त को भोपाल में शामिल होने की अपील की।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष की दीवार पर लिखा भाजपा विधायक खटीक का प्रचार बना चर्चा का विषय

**जतारा, देशबन्धु।** नगर जतारा में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं कोकी हुई जिला स्तरीय बैठक में अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज अहिरवार भी उपस्थित रहे। बैठक में तकनीकी भारत के शिल्पकार, संचार क्रांति के जनक, भविष्यदृष्टा, पूर्व प्रधानमंत्री, स्वर्गीय राजीव गांधी जी की जयंती पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि देने के पश्चात बैठक को संबोधित किया जिसमें मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी चंद्रिका प्रसाद द्विवेदी उपस्थित हुए जिसमें बैठक का मुख्य उद्देश्य भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के सागर आगमन की रूपरेखा तैयार की गई। आपको बता दे की कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 22 अगस्त को बुंदेलखंड के सागर में आ रहे हैं ।

बैठक में सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने सागर मैं अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की शपथ ली। तो वही लोगों का कहना है की



कांग्रेस के जो बैनर लगा था वह तो लोगों ने हटा दिया लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नवीन साहू की दीवाल पर लिखा भाजपा के विधायक हरिशंकर खटीक प्रचार चर्चा का विषय बना हुआ है तो वहीं सूत्रों से जानकारी लगी है कि एक कांग्रेस के नेता ने कहा है कि जतारा में कोई नेता ही नहीं है सोशल मीडिया पर कांग्रेस के घोषित प्रत्याशियों की सूची को लेकर भी चर्चा की गई जब घोषित प्रत्याशियों के बारे में जिले के प्रभारी चंद्र का प्रसाद द्विवेदी से चर्चा की तो उन्होंने कहा कि यह सब भ्रमित करने वाली खबरें फैल रही हैं ऐसा कुछ नहीं है जो भी प्रत्याशी ठीक होगा उन्हीं को विधानसभा का टिकट दिया जाएगा।

बैठक में उपस्थित जिला अध्यक्ष नवीन साहू, दिग्विजय सिंह अम्मू राजा, अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज अहिरवार, पूर्व विधायक अजय यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष महेश यादव, जिला संगठन मंत्री अनिल बड़कुल, शहर कांग्रेस अध्यक्ष भगत राम यादव, नीरज देशमुख, स्वतंत्र यादव, ब्लॉक अध्यक्ष सचिन जैन, संजू यादव, विवेक ताम्रकार, धीरेन्द्र चौबे, आरआर बंसल, संतोष प्रजापति, सुरेंद्र राजपूत, रविंद्र अहिरवार, अखिलेश अहिरवार, आकाश साहू, अरबाज मंसूरी, ज्योतिरादित्य चौबे के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सार समाचार

### राष्ट्रीय अध्यक्ष ने फीता काटकर कार्यालय का किया शुभारंभ



**दमोह देशबन्धु ।** 2023 विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही लगातार पार्टी ने प्रचार प्रसार एव जगह-जगह कार्यालय खोले जा रहे हैं ऐसा ही रविवार को हटा विधानसभा के तहसील पटेरा अंतर्गत बिलगुआ में कार्यालय का उद्घाटन हटा विधानसभा प्रत्याशी ओमवती आठया के नेतृत्व में किया गया। भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष संध्या शुक्ला, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौरभ द्विवेदी राष्ट्रीय महासचिव आशीष शुक्ला सागर के कजली वन ग्राउंड में विशाल आम सभा एवं रैली का आयोजन सोमवार को किया जाना है उसी कार्यक्रम में जाते समय पटेरा तहसील के बिलगुआ में राष्ट्रीय अध्यक्ष संध्या शुक्ला के द्वारा फीता काटकर कार्यालय का शुभारंभ किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष का दमोह सीमा में प्रवेश करते ही ऐतिहासिक स्वागत किया गया। दमोह सीमा में प्रवेश करते ही भगवती मानव कल्याण संगठन की जिला अध्यक्ष सहित तमाम पदाधिकारी स्वागत करने के लिए पहुंचे।

झूला डालकर गाये सावन के मल्हार गीत

# महिलाओं ने उत्साह पूर्वक मनाई हरियाली तीज



दमोह देशबन्धु। हरियाली तीज के अवसर पर मॉ सिंह वाहिनी दुर्गा मंदिर में महिलाओं ने एकत्रित होकर झूला डालकर सावन की मल्हार गीत गए। ज्योति सचदेव ने बताया कि सावन में हरियाली तीज महत्व है इस दिन इसी पावन माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया के दिन देवी पार्वती को 108 वीं बार जन्म लेने के बाद अन्ततः शिव पति के रूप में प्राप्त हुए थे और इस उपलक्ष्य में हरियाली तीज का पर्व मनाया जाता है ह। इस अवसर पर ज्योति सचदेव, यशु सचदेव, प्रीति सचदेव, कंचन खत्री, साधना राय, सुनीता, नीरा, अंजलि, के अलावा बडी संख्या में महिलाओं की उपस्थित रही।

### सपाक्स पार्टी ने किया पौधारोपण



**दमोह देशबन्धु।** नगर के जबलपुर नाका परशुराम टेकरी के पास सपाक्स पार्टी के संभागीय संयोजक के द्वारा हरियाली तीज पर पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया हैं। जिसमें पौधारोपण कार्यक्रम में सभी उपस्थित सदस्यो ने नीम, आंवला, आम, बरगद के पेड़ लगाये। इस अवसर पर संभागीय संयोजक पुरूषोत्तम चौबे हरिओम ने बताया कि अग्नि पुराण के अनुसार जहां पेड हमें प्राण वायु देते है, वहीं फल फूल छाया, हरियाली और अंतिम समय लकडी के रूप में परिवर्तित हो जाते हैं। इस अवसर पर सपाक्स के प्रदेश उपाध्यक्ष राममनोहर उपाध्याय, संभागीय संयोजक पुरूषोत्तम चौबे, शहर अध्यक्ष मनोज चौबे, विकास गर्ग सचिव, शरद दुबे, प्रेम विश्वकर्मा, खलील खान, आदि की उपस्थिति रही।

# सिंग्रामपुर पुलिस ने अवैध शराब पकड़ी



**दमोह देशबन्धु।** थाना अंतर्गत अवैध शराब की बिक्री लगातार जोरों पर है जिस पर पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एसडीओपी देवी सिंह के मार्गदर्शन में चौकी सिंग्रामपुर क्षेत्र के सलैया बड़ी गांव में एक व्यक्ति के कब्जे से 61 पाव लाल मसाला एवं 39 पाव कुल 100 पाव अवैध शराब जिसकी कीमत करीब 8610 रुपए की जब्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (1) आबकारी एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी आलोक तिरपुड़े के साथ प्रधान आरक्षक राजेश चौबे, नारायण, महिला आरक्षक स्वाति एनआरएस गुलाब, धर्मेंद्र की विशेष भूमिका रही।

### बीएलओ मतदाताओं से घर घर जाकर ले रहे फार्म

**दमोह देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल द्वारा दिये गए निर्देशों के तहत जिले की सभी विधानसभाओ में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 19 और 20 अगस्त को विशेष शिवरों का आयोजन कर बीएलओ ने मतदाताओं के घर-घर संपर्क कर फॉर्म प्राप्त किया। इसी क्रम में विधानसभा 54 पथरिया के मतदान केंद्र 17 लिधौरा के बीएलओ माधव पटेल ने चार नवीन मतदाताओं के फार्म 06 प्राप्त किए।

## हटा में स्थाई कर्मी सुरक्षा श्रमिक की हुई बैठक



**दमोह देशबन्धु।** स्थाई कर्मी सुरक्षा श्रमिक की बैठक जिला अध्यक्ष बब्लू ठाकुर द्वारा ली। जिसमे विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई भोपाल में 22 अगस्त को स्थाई कर्मी सुरक्षा श्रमिक, कम्प्यूटर आपरेटरों, वाहन चालकों एवं समस्त शासयकीय विभागों में कार्यरत स्थायी कर्मचारियों के सातवा वेतन मान एवं अनुकम्पा नियुक्ति तथा शासकीय कर्मचारियों को समान मूल-भूल सुविधाये प्रदान की जाये एवं वन विभाग में सुरक्षा श्रमिक जिनका भुगतान समितियों के माध्यम से किया जाता है। उनकी स्थाई कर्मी बनाया जाये एवं समस्त कमचारियों के पेंशन का लाभा दिया जाये। सुरक्षा श्रमिक हटा से देवेंद्र आठया को अध्यक्ष बनाया सुरक्षा श्रमिक उपाध्यक्ष सुंदर सिंह को बनाया। बैठक में अध्यक्ष बब्लू ठाकुर, राजा ठाकुर, रानू यादव, हीरालाल यादव, मनोज रैकवार, सरजू रैकवार, रूपनारायण विश्वकर्मा समस्त सुरक्षा श्रमिक एवं समस्त स्थाई कर्मी उपस्थित रहे।

## स्किल एक्सपो कौशल प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**दमोह देशबन्धु।** स्थानीय जेपीबी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह में स्टार्स प्रोजेक्ट के अंतर्गत स्किल एक्सपो कौशल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में व्यवसायिक शिक्षा को बढ़ावा देना तथा विद्यार्थियों में उद्यमशीलता का विकास करना है।

बढ़ती बेरोजगारी के विकल्प के तौर पर ऐसे नवयुवक तैयार करना जो अपनी स्वयं का उद्यम तैयार कर देश के विकास में सहयोग प्रदान कर सकें। प्रदर्शनी में दमोह जिले के विभिन्न हायर सेकेंडरी विद्यालय से 11 नाटिका 53 मॉडल तथा 36 चार्ट विद्यार्थियों ने प्रदर्शित किए। नाटिका में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय जबेरा की टीम प्रथम, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूखेड़ा की टीम द्वितीय तथा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पथरिया की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान उत्कृष्ट विद्यालय दमोह, द्वितीय स्थान उत्कृष्ट विद्यालय बटियागढ़ तथा तृतीय स्थान पर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झलौन ने प्राप्त किया। चार्ट प्रदर्शन में प्रथम स्थान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहगढ़, द्वितीय स्थान शासकीय सीएम राइज तेंदूखेड़ा तथा तृतीय स्थान पर उच्चतर माध्यमिक



विद्यालय हिनौता कला ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का उद्घाटन जनपद पंचायत अध्यक्ष ने किया। समापन कार्यक्रम में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त वेयरहाउसिंग कारपोरेशन एवं लॉजिस्टिक अध्यक्ष राहुल सिंह, दमोह विधायक अजय टंडन, जिला पंचायत दमोह की अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, जिला पंचायत सदस्य रजनी ठाकुर, ए डी पी सी एस के असाटी, सहायक संचालक नन्हे सिंह ठाकुर, डीपीसी मुकेश द्विवेदी, जेपीबी स्कूल के प्राचार्य डीके मिश्रा, डी व्ही सी तमसील कुरेशी, एपीसी मोहन राय मौजूद रहे। मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी एस के नेमा रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर आलोक सोनवलकर तथा शरद मिश्रा द्वारा किया गया।

## सद्भावना दिवस पर मनाई राजीव गांधी की जयंती



दमोह देशबन्धु। दमोह विधानसभा अंतर्गत मंडलम सेक्टर कांग्रेस पदाधिकारियों ने जिला कांग्रेस कार्यालय में संचार क्रांति के जननायक राजीव जी के चित्र पर पुष्पहार करके उनके जीवन पर प्रकाश डाला राजीव जी का पुण्य स्मरण करते हुए विधायक अजय टंडन ने कहा कि किसने सोचा था कि हम एक पल में अपने को देख बात कर लेगें राजीव जी ने हर हाथ मोबाइल देकर वह काम भी कर गये जो असंभव था लेपटाप, कम्प्यूटर आज हमारी जिंदगी का हिस्सा बन गये है। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन, शहर अध्यक्ष कोमल अहिरवार, सतीष जैन गुप्ता आदि की उपस्थिति रही। जिला कार्यालय के पश्चात् वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्धों को फल वितरित कियें।

## विहिप-बजरंग दल की बैठक आयोजित



**दमोह देशबन्धु।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा हिंडोरिया प्रखंड के ग्राम लुहारी में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बैठक आयोजित हुई । जिसमें हिंडोरिया प्रखंड संयोजक लखन सिंह ठाकुर ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के क्या क्या कार्य हैं और ग्राम लुहारी से सैकड़ो की संख्या में उपस्थित होकर युवाओं ने बजरंग दल की सदस्यता सनातन धर्म के लिए एवं हिंदुत्व की रक्षा के लिए सभी युवाओं में जोश दिखा। इस मौके पर प्रखंड हिंडोरिया लखन सिंह ठाकुर, प्रखंड मंत्री विकास चौरसिया, दमोह मंत्री राजेश पटेरिया, हटा प्रखंड संयोजक चौरसिया, राजा ठाकुर, नीरज साहू, भारत पटेल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।


## सामाजिक समरसता का संदेश देती स्नेह यात्रा हटा पहुंची

**दमोह देशबन्धु।** पूज्य साध्वी प्रज्ञापीठाधीश्वर विभानंद गिरी जी के सानिध्य में सामाजिक समरसता को बढ़ाने स्नेह यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। भारत की सनातन संस्कृति प्राणी मात्र के कल्याण और सद्भाव बनाने वाली संस्कृति है। मध्यप्रदेश शासन द्वारा आयोजित की गई स्नेह यात्रा भी उसी सनातन संस्कृति की परंपरा है। सामाजिक समरसता सामाजिक सद्भाव एकता अखंडता भेदभाव रहित समाज की स्थापना के लिये साध्वी जी ने सभी ग्राम वासियों से कहा सभी अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दें, नियमित रूप से स्कूल भेजें, अपने घर के आसपास साफ- सफाई एवं स्वच्छता रखें, जिस भी आराध्य को हम पूजते हैं, प्रतिदिन उनका



पूजन करें एवं अपने आस्था के जो केंद्र हैं उनका ध्यान रखें। सभी मिलकर नशामुक्त समाज का निर्माण करें। स्नेह यात्रा पटेरा विकासखंड के सोजना, रुसल्ली, भटिया का भ्रमण पूर्ण कर दोपहर बाद हटा पहुंची। जहाँ गौरीशंकर वार्ड स्थित मंगल भवन में उनकी भव्य आगवानी की गई। यात्रा में पतंजलि योग समिति के के परोहा, योगायोग दीपक राजपूत, महेंद्र ताम्रकार, रामसागर तिवारी, मुलायम प्रसाद राय, मनीष मिश्रा, बभूपेंद्र सिंह चौहान प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। हटा में यात्रा का स्वागत सीएमओ राजेन्द्र खरे ने किया। अल्प विश्राम के बाद स्नेह यात्रा रसीलपुर, रनेह, भैंसा, हिनौता होते हुए गैसाबाद में यात्रा पूर्ण हुई। गैसाबाद में स्नेह यात्रा का सहभोज भी रखा गया। इसके पश्चात यात्रा रसीलपुर, रनेह, भैंसा, हिनोता होते हुए गैसाबाद पहुंची। जहां सत्संग के बाद रात्रि विश्राम किया गया।

## नर्मदा महापुराण ज्ञान यज्ञ को लेकर अंबा माई मंदिर से निकाली कलश यात्रा



**सारनी, देशबन्धु।** छोटा महादेव भोपाली में 20 से लेकर 28 अगस्त तक मां नर्मदा महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन शुरू कर दिया गया है। रविवार को दोपहर में बारिश जैसे थमी वैसे ही अंबा माई मंदिर से लेकर आसपास के स्थान पर कलश यात्रा का भ्रमण करके अम्मा में के समीप जहां पर कथा का आयोजन होना है,उस स्थान पर पहुंची। आयोजक समिति की रूपेश कुमार वर्मा ने बताया कि 9 दिनों तक चलने वाले मां नर्मदा महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन 20 अगस्त रविवार से शुरू किया जा रहा है। इसमें उज्जैन के पंडित गुरु साहब शर्मा के मुखारबिंद से कथा का वाचन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पिछले 52 वर्षों से नियमित लगातार प्रतिवर्ष श्रावण मास में मां नर्मदा महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन होता चला आ रहा है।उन्होंने बताया कि सुबह 7:30 बजे से लेकर 11 बजे तक पार्थिव शिवलिंग का निर्माण करके उसका पूजा अर्चना कर उसका विसर्जन करने का कार्य किया जाएगा,उसके बाद दोपहर एक बजे से लेकर शाम पाच बजे तक अंबा माई मंदिर के समीप में मां नर्मदा महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा जिसमें पंडित गुरु साहब शर्मा के मुखारविंद से कथा का वाचन होगा उन्होंने बताया कि छोटा महादेव भोपाली और आसपास के लगभग दो दर्जन से अधिक गांव के लोग इस कथा स्थल पर कथा का श्रवण करने आएंगे उन्होंने संपूर्ण शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से 9 दिनों तक आयोजित होने वाले मां नर्मदा महापुराण ज्ञान यज्ञ में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

*नपा अमला कर रहा सड़कों पर झाड़ियों और नालियों की सफाई*

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर तैयारी में जुटा प्रशासन

**सारनी,देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का विद्युत नगरी सारनी में आने के लिए अब 3 दिन का समय शेष रह गया है। इतने समय को देखते हुए प्रशासन ने तैयारियां जोरो पर शुरू कर दी है। रविवार को हवाई पट्टी बगडोना से लेकर सारनी ताप विद्युत गृहों के गेट क्रमांक सात के दोनों तरफ के खरपतवार और झाड़ियों की, नाली की सफाई के कार्य में नगर पालिका प्रशासन जुटा हुआ था। नगरपालिका के माध्यम से हर छोटे बड़े पेड़ और खरपतवार को हटाने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा। इसके अलावा वर्षों से जो नालिया साफ नहीं हुई थी उस नालियों की सफाई भी नगर पालिका प्रशासन के माध्यम से मुख्य मार्ग के दोनों तरफ की जा रही है।



**काली माई से शोभापुर तक निकलेगी जनदर्शन यात्रा, एसडीएम ने ली बैठक:**नगर पालिका परिषद सारनी के सभाकक्ष में रविवार को शाहपुर एसडीएम डॉ.अभिजीत सिह,नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे,उपाध्यक्ष जगदीश पवार एसडीओपी रोशन कुमार जैन,सीएमओ सी.के.मेश्राम ने धार्मिक, सामाजिक व्यापारिक स्वयं सेवी संस्थाओं समेत अन्य संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक ली है। उन्होंने जन दर्शन कार्यक्रन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने एवं इसे सफल बनाने का आग्रह किया है। बैठक की शुरुआत रविवार को अपरान्ह 4 बजे शुरू हुई। एसडीएम डॉ.अभिजीत सिह ने उपस्थित लोगों को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के हैलीपेड से लेकर जनदर्शन यात्रा एवं कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाओं की जानकारी दी,उन्होंने बताया कि पाथाखेड़ा के विजय क्रीडांगण में मुख्यमंत्री का हेलीकाप्टर उतरेगा। यहां से वे कालीमाई पहुंचेंगे जहां से जनदर्शन शुरू होगा।शोभापुर कॉलोनी से होते हुए जनदर्शन शोभापुर स्टाप पर पहुंचेगा। यहां से हवाई पट्टी पर मुख्य मंचीय कार्यक्रम होगा। बैठक के दौरान उन्होंने सभी संगठनों से अपनी भागीदारी देने का आग्रह किया। बैठक में उपस्थित संगठनों के पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे। नपाध्यक्ष किशोर बरदे ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 5600 करोडा की 660 मेगावाट क्षमता की इकाई की बड़ी सौगात दी है। इसलिए उनका स्वागत भी भव्य तरीके से होना चाहिए। इसके लिए 100 से अधिक स्थानों पर मंच टेंट लगाए जाएंगे। बैठक में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि रविंद्र पांसे, विधायक प्रतिनिधि रंजीत सिंह,पार्षद योगेश बर्डे,प्रवीण सोनी,गणेश मस्को,भीम बहादुर थापा,संगीता मनीष धोटे,भाजपा नेता कमलेश सिंह, सुधा चंद्रा,नागेंद्र निगम, सामाजिक संगठन कुनबी समाज,पवार समाज,गायत्री परिवार,श्री मठारदेव बाबा मेला समिति,उत्कल समाज संगठन,आदिवासी समाज,मेहरा डेहरिया समाज,बौद्ध विहार समिति,ब्राम्हण समाज, उत्कल घासी समाज उत्थान समिति,मांझी समाज,मातंग समाज, ग्राम भारती महिला मंडल, शासकीयकॉलेज सारनी, जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी,कर्मचारी बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# फोरलेन सड़क पशुओं की आरामगाह स्थली बनी हादसों के हो रहे शिकार, वाहन चालक परेशान



**मालथौन, देशबन्धु।** नेशनल हाइवे 44 सागर ललितपुर फोरलेन सड़क पर जगह–जगह आवारा पशुओं ने डेरा जमा लिया जिससे वाहन चालको को मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। हादसों का सबब बन रहे है। थाना मालथौन अंतर्गत फोरलेन सड़क पर जगह–जगह सैकड़ो मवेशियों का जमावड़ा लगा हुआ हैं इस और न तो प्रशासन ध्यान दे रहा न की एनएचएआई सड़क अथॉरिटी दे रही हैं वह तो सिर्फ बदहाल सड़क से टोल वसूली में मग्न है, हो रही असुविधा पर मूक बनी हुई हैं। रोजना सड़क दुर्घटना में कई मवेशी काल के गाल में समा रहे हैं। उन्ही मृत जानवरो के अवशेषों को सड़क किनारे डाला जा रहा हैं उनका अवशेष की सड़क पर दुर्गन्ध से मुसाफिरो का जाना बेहाल होता हैं। मालथौन के ओवर ब्रिज पर रोजना सैकड़ो गौवंशीय पशुओं का जमावड़ा लगा हुआ हैं जहां बड़ी दिक्कत का सामना वाहन चालकों को गुजरना पड़ रहा है। कार चालक विनीत ने बताया कि मालथौन में कई जगह आवारा पशु बड़ी संख्या में बीच सड़क को घेर कर बैठे रहते हैं जिससे बहुत कठिनाई हो रही हैं और हादसों की आशंका रहती हैं। कई दफा अचानक वाहनों के सामने पशुओं के आने से अनियंत्रित होकर वाहनों के बड़े हादसे घट चुके हैं।

# कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष की सागर में आम सभा कल

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ सहित कई केंद्रीय और प्रांतीय नेता शिरकत करेंगे



**सागर, देशबन्धु।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कल 22 अगस्त को सुबह 11 बजे कजलीवन मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। वे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के साथ सागर पहुंचेंगे। सभा में कांग्रेस पार्टी के अनेक राष्ट्रीय व प्रादेशिक नेता भी शामिल होंगे। सभा को सफ्ल बनाने के लिए जिला कांग्रेस ग्रामीण व शहर इकाई के अध्यक्ष राजकुमार पचौरी व डॉ. आनंद अहिरवार जोर शोर से जुटे हुए हैं। विधानसभा चुनाव के पहले कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पहली बार मप्र पहुंच रहे हैं। सभा में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री व प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सुरेश पचौरी, अरुण यादव व कांतिलाल भूरिया, सांसद विवेक तनखा, सांसद नकुल नाथ, सांसद राजमणि पटेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एनपी प्रजापति, सेवादल अध्यक्ष योगेश यादव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया, महिला कांग्रेस अध्यक्ष विभा पटेल, एनएसयूआई अध्यक्ष आशुतोष चौकसे, किसान कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश गुर्जर, समेत संभाग व प्रदेश के विधायक, विभागों तथा प्रकोष्ठों के अध्यक्ष तथा कई केंद्रीय और प्रांतीय नेता उपस्थित रहेंगे। मप्र कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता डॉ. संदीप सबलोक ने बताया कि श्री खरगे की सभा को सफल बनाने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से राष्ट्रीय सचिव तथा मप्र के सह प्रभारी सीपी मित्तल के साथ ही शिव भाटिया सभा के लिए पीसीसी प्रभारी पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया संगठन के जिला प्रभारी अवनीश भार्गव व शहर प्रभारी अंजू बघेल तथा स्थानीय वरिष्ठ नेता ब्लॉक वार्ड और गांव स्तर पर बैठकें लेकर घरों में पीले चावल रखते हुए लोगों को आमंत्रित करने तथा कार्यक्रम को सफल बनाने की तैयारी में जुटे हुए हैं। कांग्रेस के मीडिया विभाग अध्यक्ष के.के मिश्रा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के मीडिया सलाहकार पीयूष बबेले उपाध्यक्ष अवनीश बुंदेला ने भी स्थानीय स्तर पर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. संदीप सबलोक व जिले के प्रवक्ताओं साथ समन्वय स्थापित कर मैदानी मोर्चा संभाल लिया है। आगामी विधानसभा चुनाव के शंखनाद के रूप में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की होने जा रही इस सभा में सागर शहर के गली मोहल्ले और वार्डों के साथ ही जिले के ग्रामीण अंचलों तथा संभाग के सभी जिलों से पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता और आम जनता हजारों की संख्या में शामिल होंगे।

## सार–समाचार

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के सूने मकान में चोरी

सागर, देशबन्धु। ढाना पुलिस चौकी क्षेत्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के सूने मकान में चोरों ने सेंध लगाई। चोर घर में रखे सोने चांदी के गहने और नकद रुपए लेकर भागे है। वारदात सामने आते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। वहीं फरियादिया की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार फरियादिया कुसुम मिश्रा निवासी ग्राम ढाना भटार मोहल्ला ने थाने में शिकायत में बताया कि मैं आगंनबाड़ी कार्यकर्ता के पद पर ग्राम ढाना में पदस्थ हूं। दोपहर करीब 12.30 बजे मैं अपनी बेटी दामाद के घर ग्राम ढाना में पूजन में शामिल होने के लिए गई थी। घर में ताला लगा हुआ था। इसी दौरान भतीजी का फोन आया और उसने बताया कि घर के दरवाजे का ताला टूटा पड़ा। घर के अंदर रखी अलमारी खुली है। सूचना मिलते ही मैं घर पहुंची और देखा तो आलमारी का लॉकर टूटा था। उसमें रखे सोने चांदी के जेवर नहीं थे। जिसमें सोने की चेन, सोने की 2 अंगूठी, सोने की एक बेंदी और कान के बाला, चांदी की चिड़ी, पायल, करधोनी, छोटे बच्चों की चांदी की पायल आदि गहने अज्ञात चोर ले गया। मामले की शिकायत मिलते ही ढाना चौकी पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया। वहीं वारदात स्थल का निरीक्षण किया। मामले में पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

### पशुपतिनाथ मंदिर में आज से पार्थिव शिवलिंग निर्माण

**सागर, देशबन्धु।** तिली रोड बैंक कॉलोनी स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में सोमवार को नागपंचमी से पार्थिव शिवलिंग निर्माण और पूजन अभिषेक कार्यक्रम प्रारंभ होगा जो 27 अगस्त तक चलेगा। 28 को हवन पूर्णाहूति होगी। पं. शिवप्रसाद तिवारी ने बताया कि सुबह 8 बजे से 11 बजे तक रुद्रीनिर्माण होगा। 11.30 बजे से 1 बजे तक पूजन अभिषेक किया जायेगा।

## ब्लॉक कांग्रेस की बैठक में भारत रत्न राजीव गांधी की जयंती मनाई गई

# राजीव गांधी आधुनिक भारत के निर्माता थे: राजकुमार पचौरी




**सागर, देशबन्धु।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कांग्रेस क्र. 1 के तत्वाधान में कृष्णगंज वार्ड में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की 79 वी जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि सागर शहर कांग्रेस की प्रभारी अंजू सिंह बघेल थी। अध्यक्षता शहर कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार पचौरी ने करते हुए कहा कि राजीव गांधी आधुनिक भारत के निर्माता थे, उनकी दूर दर्शिता के कारण देश में कम्प्यूटर क्रांति आई। मुख्य अतिथि अंजू सिंह बघेल ने कहा कि राजीव जी कभी राजनीति में आना नहीं चाहते थे, परन्तु मां इंदिरा गांधी की हत्या के बाद उन्होंने देश को उतरोत्तर उन्नति पथ पर आगे बढ़ाया। जिला शहर प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी ने कहा कि 18 वर्ष के नोजवानो को मताधिकार दिया था।

पंचायती राज की देश में स्थापना राजीव जी देन है। बैठक के बाद सभी कांग्रेस जनों ने वार्ड में जाकर 22 अगस्त को राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे के आगमन का पीले चावल देकर आमंत्रण दिया। इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अंकलेश्वर दुबे, वरिष्ठ नेता विमल जैन, अखिलेश मोनी केशरवानी, रमाकांत यादव, पुरषोत्तम मुन्ना चौबे, प्रभात जैन, संगठन मंत्री चक्रेश सिंघई, सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, राकेश राय, सुल्तान कुरैशी ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन जिला शहर महामंत्री जय रैकवार ने एवं आभार बैठक के आयोजक ब्लॉक अध्यक्ष प्रेम नारायण विश्वकर्मा ने व्यक्त किया।

# खरगे के आगमन की तैयारियों को लेकर संबंध बैठक संपन्न

**सागर, देशबन्धु।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के आगमन की तैयारियों के संबंध में कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की बैठक तुलसी नगर, सुभाष नगर वार्ड में सम्पन्न हुई। बैठक का आयोजन अनुसूचित जाति विभाग शहर अध्यक्ष एड. वीरेंद्र राजे ने किया एवं कार्यक्रम का संचालन सेवादल ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने किया कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जन्म जयंती पर उनके छाया चित्र पर सभी ने माल्यार्पण किया एवं समाज के मुखियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष आंनद अहिरवार, सागर शहर की प्रभारी अंजू बघेल, निधि सुनील जैन, नीता साहू, चक्रेश सिंघई, रमाकांत यादव, अजाक्स के पूर्व प्रातीय सचिव हीरालाल चौधरी, सिंटू कटारे सहित अनेक कार्यकर्त्ता एवं वार्ड वासी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस सेवादल परिवार ने राजीव गांधी की जन्म जयंती पर किया भाव पूर्ण स्मरण



**सागर, देशबन्धु।** कृतज्ञ राष्ट्र आज अपने महान नेता पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न दिवंगत राजीव गांधी की 79 वीं जन्म जयंती मना रहा है। सागर में भी राजीव गांधी उद्यान सदर में राजीव जी की जन्म जयंती का आयोजन हुआ जिसमें उनके चित्र पर माल्यार्पण कर राजीव जी अमर रहे के नारे लगाकर उन्हें सभी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस की प्रभारी अंजू बघेल ने राजीव जी को स्मरण करते हुये कहा कि राजीव जी देश के सातवें और भारतीय इतिहास में सबसे कम उम्र में प्रधानमंत्री बने, राजीव जी पहले ऐसे प्रधानमंत्री थे जो भारत में कंप्यूटर क्रांति लाए, राजीव गांधी जी को ही भारत में कंप्यूटर क्रांति लाने का श्रेय दिया जाता है, उन्होंने ना सिर्फ कंप्यूटर को भारत के घरों तक पहुंचाने का काम किया बल्कि भारत में इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी को आगे ले जाने में अहम भूमिका निभाई। ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आनंद अहिरवार ने कहा कि देश की दो बड़ी टेलीकॉम कंपनी एमटीएनएल और बीएसएनएल की शुरुआत भी राजीव जी के ही कार्यकाल के दौरान हुई थी। वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री शारदा बाई खटीक ने कहा कि राजीव जी देशभक्त और एक दूरदर्शी, जिनकी दूरदर्शिता ने भारत का निर्माण करने में मदद की है। जिला ग्रामीण सेवादल अध्यक्ष महेश जाटव और जिला शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का आयोजन सुनील तोमर और हेमराज बसंल ने किया। कार्यक्रम में संगठन मंत्री चक्रेश सिंघई, निखिल चौकसे, आनंद हैला, जित्तू खटीक पार्षद, उत्तम तावड़े आदि उपस्थित रहे।




स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582–228742 ई–मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**– MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।